सत्यमेव जयते

# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2008-2009

**कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री का वार्षिक प्रतिवेदन**

अनुक्रमणिका | पृष्ठ संख्या


1. अध्याय-I : **पूर्वावलोकन** 04-05
2. अध्याय-II : **बौद्धिक संपदा अधिकार- एक नजर** 06-11
3. अध्याय-III : **पेटेन्ट अधिनियम 1970 (यथा संशोधित) की धारा 155 के तहत 37 वॉ वार्षिक प्रतिवेदन** 12-31
   1) परिचय
   2) पेटेन्ट आवेदन
   3) अनुदानित तथा प्रवृत्त पेटेन्ट
   4) पी सी टी अन्तर्राष्ट्रीय आवेदन
   5) पेटेन्ट अधिनियम व नियमों के तहत विविध महत्वपूर्ण कार्यवाहियॉं
   6) राजस्व एवं व्यय
   7) सामान्य सूचना
   8) सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रदत्त सूचना

   परिशिष्ट-क 31 मार्च 2009 को नियोजित परीक्षकों के विशिष्ट तकनिकी कार्यक्षेत्र के विवरण
   परिशिष्ट-ख वर्ष 2007-08 की तुलना में 2008-09 में दाखिल किए गए पेटेन्ट आवेदन उदगम राज्य/राष्ट्र के अनुसार वर्गीकृत
   परिशिष्ट-ग प्रवासी एवं अप्रवासियों द्वारा विभिन्न तरीके से पिछले दस वर्षों में दाखिल आवेदनों के विवरण
   परिशिष्ट-घ वर्ष 1998-99 से 2008-09 के दौरान पेटेन्ट संबंधी विभिन्न सूचनाएं
   परिशिष्ट-ड अविष्कार के विविध क्षेत्रों के अंतर्गत सत्र 2004-05 से 2008-09 तक विगत पॉच वर्षों के दौरान दाखिल पेटेन्ट आवेदनों की संख्या
   परिशिष्ट-ड-1 अविष्कार के अन्य विविध तथा नए क्षेत्रों के अंतर्गत सत्र 2008-09 के दौरान दाखिल पेटेन्ट आवेदनों की संख्या
   परिशिष्ट-च अविष्कार के विविध क्षेत्रों में सत्र 2004-05 से 2008-09 के पॉच वर्षों के दौरान अनुदानित पेटेन्ट की संख्या
   परिशिष्ट-च-1 अविष्कार के विविध क्षेत्रों के अंतर्गत सत्र 2007- 2008 के दौरान दाखिल पेटेन्ट आवेदनों की संख्या
   परिशिष्ट-छ अधिनियम व नियम के तहत विभिन्न कार्यवाहियों के संदर्भ में वर्ष 2008-09 के दौरान प्राप्त शुल्क
4. अध्याय-IV : **डिजाइन अधिनियम 2000 का वार्षिक प्रतिवेदन** 32-36
   1) परिचय
   2) दाखिल एवं पंजीकृत डिजाइन आवेदन
   3) अभिकल्प आवेदन पत्रों की जॉंच
   4) विविध कार्यवाहियॉं
   5) राजस्व

   परिशिष्ट-क वर्ष 2008-09 के दौरान अभिकल्प मद में उत्पादित राजस्व
   परिशिष्ट-ख दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ती
   परिशिष्ट-ग उदगम के अनुसार दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ती
5. अध्याय-V: **व्यापार चिह्न अधिनियम,1999के तहत 50 वॉ वार्षिक प्रतिवेदन** 37-47
   1) भूमिका
   2) सन् 2008-09 के दौरान गतिविधियों का रुझान
   3) व्यापार चिह्न आवेदनों का रुझान
   4) विभिन्न प्रकार के व्यापार चिह्न आवेदनों का रुझान
   5) वर्गानुसार फाइल किए गए आवेदनों का रुझान
   6) शाखानुसार फाइल किए गए आवेदनों का रुझान
   7) व्यापार चिह्न का पंजीकरण एवं अन्य गतिविधियॉं
   8) वर्गानुसार पंजीकृत किए गए व्यापार चिह्नों का विवरण
   9) राजस्व और व्यय

10) व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 की प्रमुख विशेषताएं
परिशिष्ट-I पिछले पॉच वर्षों में व्यापार चिह्न आवेदनों की प्रवृत्ती
परिशिष्ट-II पिछले पॉच वर्षों में विज्ञापित व्यापार चिन्हों की संख्या
परिशिष्ट-III 1 अप्रैल 2008 से 31 मार्च 2009 तक व्यापार चिह्न के विभिन्न कार्यालयों में रखी गई सुनवाई संबंधी विवरण
परिशिष्ट-IV पिछले पॉच वर्षों में पंजीकृत व्यापार चिह्नों की संख्या

6. अध्याय-VI: **भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री का 7 वॉ वार्षिक प्रतिवेदन** 48-57
1) परिचय
2) भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री का विवरण
परिशिष्ट-I 31 मार्च 2009 तक फाइल किए गए भौगोलिक संकेत आवेदनों का विवरण
परिशिष्ट-II अप्रैल 2004 से 31 मार्च 2009 तक भौगोलिक संकेत आवेदनों का पंजीकरण
परिशिष्ट-III जागरुकता कार्यक्रम संबंधी विवरण
परिशिष्ट-IV राजस्व एवं व्यव विवरण

7. अध्याय-VII: **पेटेन्ट सूचना पध्दति नागपुर वार्षिक प्रतिवेदन** 58-61
1) परिचय
2) प्रदत्त सेवाएं
3) प्रदत्त सेवाओं की शुल्क संरचना
4) वर्ष 2008-09 के दौरान गतिविधियॉ

**राष्ट्रीय बौध्दिक संपदा प्रबंधन संस्थान**
1) परिचय
2) प्रशिक्षण कार्यक्रम
3) संकाय
4) वर्ष 2002-2009 के दौरान अर्जित राजस्व तथा व्यय का विवरण

8. अध्याय-VIII: **प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विशेष गतिविधियॉ** 62-65
1) परिचय
2) विदेशी दौरे एवं प्रशिक्षण
3) वाइपो बैठकें/सेमिनार/संगोष्ठी
4) विशेष गतिविधियॉ
5) वर्ष 2008-09 के दौरान की गई प्रमुख गतिविधियॉ (छायाचित्र)

9. अध्याय-IX: **मानव संसाधन** 66-76
1) परिचय
2) विभिन्न बौध्दिक संपदा कार्यालयों की कार्मिक शक्ति
परिशिष्ट-क 31 मार्च 2009 को पेटेन्ट कार्यालय की कार्मिक शक्ति का विवरण
परिशिष्ट-ख 31 मार्च 2009 को व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की कार्मिक शक्ति का विवरण
परिशिष्ट-ग 31 मार्च 2009 को भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री की कार्मिक शक्ति का विवरण
परिशिष्ट-घ 31 मार्च 2009 को पेटेन्ट सूचना पध्दति कार्यालय/राष्ट्रीय बौध्दिक संपदा प्रबंधन संस्थान, नागपुर में स्वीकृत एवं कार्मिक शक्ति का विवरण

10. अध्याय-X: **विविध** 77-78
1) भूमिका
2) सचिव(डीआईपीपी) एवं अध्यक्ष जीपीटीओ ने बौध्दिक संपदा अधिकार में कार्ययोजना के कार्यान्वयन हेतु सहमति का ज्ञापन हस्ताक्षरित किया
3) ई-गवर्नन्स अवार्ड
4) विदेशी प्रतिनिधियों द्वारा आईपीओ कार्यालय का दौरा
5) पेटेन्ट मेन्यूअल को अंतिम रुप देने हेतु स्टेक होल्डर की बैठक
6) आई पी आवेदनों को इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग
7) डाटा बेस का अधिग्रहण

# अध्याय - I

## पूर्वावलोकन

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा समाज में ज्ञान का महत्व पहले से अधिक बढ़ गया है। बौद्धिक संपदा अधिकार को अब न केवल रचनात्मकता का संरक्षण करने तथा राजस्व अर्जित करने के साधन के रूप में उपयोग में लाया जाता है बल्कि सामाजिक, आर्थिक तथा तकनीकी विकास के लिए रणनीतिक समन्वय स्थापित करने के लिए भी।

वर्तमान में भारत उन देशों में अग्रणी है जो मिश्रित वित्तीय संरचना के साथ वैविध्यपूर्ण औद्योगिक आधार संजोए रखने पर गर्व कर सकते हैं। भारत सूचना तकनीकी, भेषज एवं औषधि, अंतरिक्ष अनुसंधान, जैव-तकनीक, मनोरंजन तथा अन्य अनेक विकासमान क्षेत्रों पर आधारित उद्योग का तेजी से केन्द्र-बिन्दु बनता जा रहा है। इस वर्ष विश्व की अर्थव्यवस्था में मंदी का प्रभाव देखा गया है फिर भी बौद्धिक संपदा आवेदन दाखिल करने के दर में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है।

भारत ट्रिप्स अनुरूप बौद्धिक संपदा कानून के साथ-साथ सबल प्रवर्तन तंत्र और न्यायिक प्रणाली के साथ ज्ञान संपन्न व्यक्तियों को सर्वोत्तम निवेश अवसर एवं उनके बौद्धिक संपदा अधिकार की संरक्षा के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराता है ताकि अपने व्यावसायिक गतिविधियों में विविधता लाने में वे सक्षम हो सकें।

कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न (CGPDTM) वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति व संवर्धन विभाग के अंतर्गत आता है। हाल में महानियंत्रक कार्यालय को बौद्धिक संपदा कार्यालय की भी संज्ञा दी गई है। यह कार्यालय पेटेन्ट अधिनियम, 1970, डिजाइन अधिनियम 2000, व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 तथा वस्तुओं का भौगोलिक संकेत (पंजीकरण एवं संरक्षा) अधिनियम, 1999 का प्रशासन मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई तथा अहमदाबाद में स्थित अपने बौद्धिक संपदा कार्यालयों के माध्यम से करता है।

नागपुर में स्थित पेटेन्ट सूचना पद्धति (PIS) तथा राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान (NIIPM) भी कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के अधीक्षण के अंतर्गत है। पेटेन्ट सूचना पद्धति पेटेन्ट विनिर्देश का व्यापक संकलन तथा विश्व स्तर पर पेटेन्ट संबंधित साहित्य का संकलन रखता है ताकि अनुसंधान एवं विकास स्थापना, सरकारी कार्यालय, उद्योग, व्यवसाय के विभिन्न उपयोक्ताओं एवं आविष्कारकों तथा अन्य उपयोक्ताओं को ज्ञान-सम्पन्न व्यावसायिक निर्णय करने में सहायता देने के लिए तकनीकी सूचना की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान (NIIPM) बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधित विषयों के क्षेत्र में प्रशिक्षण, प्रबंधन, अन्वेषण, अध्ययन के गुणता संपन्न राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में एकस्व एवं अभिकल्प के परीक्षकों, व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक संकेत के परीक्षकों, बौद्धिक संपदा व्यावसायियों, देश के बौद्धिक संपदा प्रबंधकों को प्रशिक्षण देने तथा उपयोक्ता समुदाय, सरकारी सेवकों तथा बौद्धिक संपदा अधिकार के सृजन, वाणिज्यिकरण तथा प्रबंधन में लगे सहभागियों को प्रारंभिक ज्ञान उपलब्ध कराने का कार्य करता है। यह संस्थान बौद्धिक संपदा संबंधी विषयों पर अन्वेषण भी सुलभ कराएगा जिसमें सरकार के लिए उपयोगी अध्ययन प्रतिवेदन तथा नीति विश्लेषण तैयार करना शामिल है। वर्तमान में देश की अन्य कोई संस्था इन गतिविधियों में शामिल नहीं है।

बौद्धिक संपदा कार्यालयों के संगठनात्मक विवरण निम्नवत् हैं:




कार्यालय, महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों की विगत वर्ष की गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के आगे के पृष्ठों पर दिए गए हैं। अद्यतन विनियमन, विभिन्न समारोह एवं सामान्य गतिविधियों के मुख्यांश हमारे शासकीय वेब-साइट: **http://www.ipindia.nic.in** पर उपलब्ध है।

**(पी. एच. कुरियन, भा.प्र.से )**
**महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न**

अध्याय - II

## बौद्धिक संपदा अधिकार- एक नजर

कार्यालय,महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के तहत कार्यालयों ने विगत वर्ष की तुलना में बौद्धिक संपदा आवेदन दाखिल करने की प्रवृत्ति में विकास दर्ज किया है, इसके बावजूद की विश्व अर्थव्यवस्था मंदी का सामना कर रही है। इस कार्यालय ने राजस्व उत्पादन में भी महत्वपूर्ण प्रगति दिखाई है। इन गतिविधियों के विवरण नीचे प्रदर्शित किए गए हैं।

**क. पेटेन्ट:** 2008-09 के दौरान 36,812 पेटेन्ट आवेदन दाखिल किए गए। विगत वर्ष की तुलना में दाखिल करने की प्रवृत्ति में लगभग 5% की वृद्धि देखी गई। आधुनिकीकरण प्रयासों के कारण वर्ष के दौरान अनुदानित पेटेन्ट की संख्या में भी वृद्धि देखी गई। विगत 5 वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

**पेटेन्ट आवेदनों की प्रवृत्ति**

| **वर्ष** | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | **2008-09** |
|---|---|---|---|---|---|
| दाखिल | 17466 | 24505 | 28940 | 35218 | **36812** |
| परीक्षित | 14813 | 11,569 | 14119 | 11751 | **10296** |
| अनुदानित | 1911 | 4320 | 7539 | 15316 | **16061** |

**ख. डिजाइन:** 2008-09 के दौरान 6557 डिजाइन आवेदन दाखिल किए गए जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 2.5% की अल्प वृद्धि दर्शाता है। विगत 5 वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

**डिजाइन आवेदनों की प्रवृत्ति**

| **वर्ष** | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | **2008-09** |
|---|---|---|---|---|---|
| दाखिल | 4017 | 4949 | 5521 | 6402 | **6557** |
| परीक्षित | 4017 | 4719 | 4976 | 6183 | **6446** |
| पंजीकृत | 3728 | 4175 | 4250 | 4928 | **4772** |

**ग. व्यापार चिह्न:** 2008-09 के दौरान 130172 व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल किए गए। विगत वर्ष की तुलना में दाखिल करने में लगभग 5.5% की वृद्धि रही। विगत 5 वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

**व्यापार चिह्न आवेदनों में रूझान**

| वर्ष | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | **2008-09** |
|---|---|---|---|---|---|
| **दाखिल** | 78996 | 85699 | 103419 | 123514 | **130172** |
| **परीक्षित** | 72091 | 77500 | 85185 | 63605 | **105219** |
| **पंजीकृत** | 45015 | 184325 | 109361 | 100857 | **102257** |

**घ. भौगोलिक संकेत:** 15 सितम्बर, 2003 से 31 मार्च, 2009 तक कुल 165 (एक सौ पैंसठ) आवेदन प्राप्त किए गए एवं कुल 45 (पैंतालीस) भौगोलिक संकेत पंजीकृत किए गए। विगत 5 वर्षों के दौरान दाखिल आवेदनों एवं पंजीकृत भौगोलिक संकेत के विवरण निम्नवत् हैं।

| **वर्ष** | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | **2008-09** |
|---|---|---|---|---|---|
| **परीक्षित** | 29 | 16 | 33 | 37 | **44** |
| **पंजीकृत** | 3 | 24 | 3 | 31 | **45** |

ङ. **अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक संपदा अधिकार की प्रवृत्ति:** वर्ष के दौरान पेटेन्ट अनुदान तथा व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक संकेत के पंजीकरण की प्रवृत्ति में वृद्धि हुई। हालाँकि डिजाइन के पंजीकरण में मामूली कमी आई। विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

**अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक संपदा अधिकार की तुलनात्मक प्रवृत्ति**

| वर्ष | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | **2008-09** |
|---|---|---|---|---|---|
| **पेटेन्ट** | 1911 | 4320 | 7539 | 15316 | **16061** |
| **डिजाइन** | 3728 | 4175 | 4250 | 4928 | **4772** |
| **व्यापार चिह्न** | 45015 | 184325 | 109361 | 100857 | **102257** |
| **भौ.सं. अधिकार** | **3** | **24** | **3** | **31** | **45** |

**2008-09 में दाखिल बौद्धिक संपदा आवेदनों का आलेखीय अवलोकन**




**2008-09 में अनुदानित/पंजीकृत आईपीआर की संख्या का आलेखीय अवलोकन**



औषधि निर्माण उद्योग के क्षेत्र से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक

| क्र.सं. | औषधि निर्माण उद्योग के नाम | दाखिल आवेदन |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज | 147 |
| 2 | रैनबैक्सी लेबोरेट्रीज लिमिटेड | 101 |
| 3 | अबेस्थागन लिमिटेड | 66 |
| 4 | कैडिला हेल्थकेयर लि. | 57 |
| 5 | मैट्रिक्स लेबोरेट्रीज लि. | 54 |
| 6 | ऑर्किड केमिकल्स एंड फर्मास्युटिकल्स लिमिटेड | 22 |
| 7 | ऑरबिन्दो फर्मा लिमिटेड | 22 |
| 8 | जुबिलेन्ट ऑरगेनोसिस लि. | 21 |
| 9 | इंड-स्विफ्ट लेबोरेट्रीज लि. | 19 |
| 10 | पेनिसिया बायोटेक लिमिटेड | 15 |

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख भारतीय आवेदक

| क्र.सं. | कंपनियों के नाम | दाखिल आवेदन |
|---|---|---|
| 1. | सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स | 205 |
| 2. | इंफोसिस टेक्नॉलोजीस लि. | 81 |
| 3. | टाटा एलैक्सी लि. | 14 |
| 4. | टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस | 11 |
| 5. | राजेन्द्र कुमार खरे | 5 |

वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक

| क्र.सं. | वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों के नाम | दाखिल आवेदन |
|---|---|---|
| **1.** | कॉन्सिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च | 165 |
| **2.** | भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि. | 119 |
| **3.** | टाटा स्टील | 65 |
| **4.** | इंडियन कॉन्सिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च | 35 |
| **5.** | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड | 31 |
| **6.** | लूपिन लिमिटेड | 30 |
| **7.** | इमिलन डेवेलपमेन्ट सेंटर | 17 |
| **8.** | अपेक्स लैब्स प्रा. लि. | 13 |
| **9.** | रूबीकॉन रिसर्च प्रा. लि. | 12 |
| **10.** | इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन | 11 |

**संस्थानों और विश्वविद्यालयों से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक**

| क्र.सं. | संस्थानों और विश्वविद्यालयों के नाम | दाखिल आवेदन |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान | 91 |
| 2. | एमेटी यूनिवर्सिटी | 33 |
| 3. | भारतीय विज्ञान संस्थान | 21 |
| 4. | सेंट्रल इन्स्टिट्यूट फॉर रिसर्च ऑन कॉटन | 12 |
| 5. | नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फर्मास्युटिकल एज्यूकेशन एंड रिसर्च | 08 |
| 6. | नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी | 7 |
| 7. | यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली | 7 |
| 8. | एस.एन.बोस नेशनल सेंटर फॉर बी.एस. | 7 |
| 9. | त्यागराजर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग | 6 |
| 10. | पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी | 4 |

**शीर्ष 10 विदेशी आवेदक**

| क्र.सं. | संगठनों के नाम | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | क्वालकम इंकॉरपोरेशन | 252 |
| 2 | थॉमसन लाईसेंसिंग | 221 |
| 3 | नोवार्टीस एजी | 226 |
| 4 | अस्ट्राजेनेका एबी | 190 |
| 5 | टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल) | 176 |
| 6 | जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी | 174 |
| 7 | नोकिया कॉर्पोरेशन | 173 |
| 8 | द प्रॉक्टर एंड गैम्बल कंपनी | 157 |
| 9 | सोनी एरिक्सन मोबाइल कम्यूनिकेशन्स एबी | 104 |
| 10 | सोनी कॉरपोरेशन | 102 |

**शीर्ष भारतीय पेटेन्टग्राही**

| क्र.सं. | संगठनों के नाम | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कौन्सिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च | 696 |
| 2 | प्रतिरक्षा अनुसंधान व विकास संगठन | 57 |
| 3 | भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. | 28 |
| 4 | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड | 19 |
| 5 | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान | 14 |
| 6 | रैनबेक्सी लेबोरेट्रीज लिमिटेड | 10 |

**शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी पेटेन्टग्राही**

| क्र.सं. | संगठनों के नाम | पेटेन्ट की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी | 77 |
| 2 | सोनी कॉरपोरेशन | 73 |
| 3 | द प्रॉक्टर एंड गैम्बल कंपनी | 62 |
| 4 | होंडा जिकेन कोग्यो काबुसीकी कैशा | 47 |
| 5 | सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कं..लि. | 32 |
| 6 | प्रेक्सर टेक्नोलॉजी, इंक | 31 |
| 7 | टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन | 29 |
| 8 | अस्ट्राजेनेका एबी | 25 |
| 9 | टेलेफोनाक्टिबोलागेट 1एम एरिक्सन | 24 |
| 10 | मोटोरोला, इंक | 23 |

**च. प्रकाशन एवं अनुदान-पूर्व विरोध:** वर्ष के दौरान धारा 11 के तहत 40749 पेटेन्ट आवेदन प्रकाशित किए गए तथा पेटेन्ट अधिनियम, 1970 की धारा 25(1) के तहत केवल 153 अनुदान-पूर्व विरोध दाखिल हुए जो प्रकाशित आवेदनों का लगभग 0.25% है। प्रकाशित तथा अनुदान-पूर्व विरोध के लिए दाखिल आवेदनों का आरेखीय दृश्य निम्नवत् है।




**च. राजस्व और व्यय:** कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के अंतर्गत सभी कार्यालय प्रत्येक वर्ष निरंतर राजस्व अर्जित करने वाले कार्यालय बनते जा रहे हैं। वर्ष 2008-09 के दौरान कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के द्वारा अर्जित कुल राजस्व रू. 226.63 करोड़ था जो विगत वर्ष की तुलना में 16.63% अधिक था, जबकि कुल गैर-योजना व्यय रू. 29.13 करोड़ था जिससे रू.197.50 करोड़ का राजस्व आधिक्य प्राप्त हुआ। बौद्धिक संपदा (IP) प्रशासन के राजस्व और व्यय का विवरण निम्नलिखित हैं। पेटेन्ट कार्यालय ने रू.157.38 करोड़ (पेटेन्ट रू.156.14 करोड़ एवं डिजाइन रू.1.23 करोड़), व्यापार चिह्न रजिस्ट्री ने रू.69.15 करोड़, भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने रू.0.046 करोड़ तथा पेटेन्ट सूचना पद्धति और राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान ने रू.0.0505 करोड़ का कुल राजस्व अर्जित किया। पेटेन्ट कार्यालय (डिजाइन स्कंध सहित) के संदर्भ में

गैर-योजना व्यय रू.18.53 करोड़, व्यापार चिह्न रजिस्ट्री के लिए रू.8.91 करोड़, भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री रू 0.62 करोड़, राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान (IPTI) के लिए रू.1.05 करोड़ रही।

**2008-09 में उत्पादित राजस्व**




**(i) वर्ष 2008-2009 व 2007-2008 के दौरान उत्पादित राजस्व का तुलनात्मक विवरण**

| | 2008-2009 (रू.) | 2007-2008 (रू.) |
|---|---|---|
| पेटेन्ट | 156,14,63,824 | 130,24,08,136 |
| डिजाइन | 1,23,66,048 | 1,00,23,450 |
| व्यापार चिह्न रजिस्ट्री | 69,15,02,297 | 63,00,36,633 |
| भौ.स.रजिस्ट्री | 4,63,360 | 4,18,960 |
| पे.सू.पद्धति/एनआईआई पीएम(आईपीटीआई) | 5,05,510 | 2,78,542 |
| कुल: | 226,63,01,039 | 194,31,65,721 |

**(ii) वर्ष 2008-2009 व 2007-2008 के लिए गैर-योजना व्यय की तुलना**

| | 2008-2009 (रू.) | 2007-2008 (रू.) |
|---|---|---|
| पेटेन्ट (डिजाइन सहित) | **18,53,84,291** | 15,83,74,584 |
| व्यापार चिह्न रजिस्ट्री | **8,91,46,467** | 5,57,57,004 |
| भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री | **62,59,806** | 59,70,000 |
| पे.सू.पद्धति/एनआईआईपीएम (आईपीटीआई) | **1,05,07,255** | 67,03,714 |
| कुल: | **29,12,97,819** | 22,68,05,302 |

**अध्याय - III**

# पेटेन्ट

## 1. परिचय:

यह अध्याय पेटेन्ट अधिनियम, 1970 यथासंशोधित, 2005 की धारा 155 के तहत पेटेन्ट कार्यालयों द्वारा वर्ष 2008-09 के दौरान निष्पादित गतिविधियों के संबंध में 37वाँ प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। पेटेन्ट कार्यालय भौगोलिक रूप से विभाजित है तथा चार महानगरों में कोलकाता, चेन्नई, मुम्बई तथा दिल्ली में स्थित है। कोलकाता कार्यालय प्रधान कार्यालय है। पेटेन्ट कार्यालय देश में हुए आविष्कारों पर इनके आविष्कारकों अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्तियों अथवा कानूनी उत्तराधिकारियों को सीमित एकाधिकार अनुदानित करने के द्वारा इन आविष्कारों की संरक्षा से संबंधित कानून का प्रशासन करता है। निम्न प्रदत्त पैराग्राफ पेटेन्ट कानून के तहत यथा प्रशासित पेटेन्ट कार्यालय की प्रमुख गतिविधियों की रूप-रेखा प्रस्तुत करता है।

## 2. पेटेन्ट आवेदन

वर्ष **2008-09** में पेटेन्ट के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या **36812** थी जो वर्ष 2007-08 में प्राप्त 35218 आवेदनों की तुलना में लगभग **5%** की वृद्धि दर्शाता है। इन आवेदनों में से **17** आवेदन पेटेन्ट परिवर्धन के रूप में दाखिल किए गए।

### (क) भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या 6161 है जो विगत वर्ष, जबकि 6040 आवेदन दाखिल किए गए थे, की तुलना में अच्छी वृद्धि प्रदर्शित नहीं करता है। पेटेन्ट आवेदनों की ये संख्या वर्ष के दौरान दाखिल कुल आवेदनों में लगभग 16.73% का योगदान करती है।

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों में से, महाराष्ट्र से दाखिल आवेदनों की संख्या सर्वाधिक रही जिसके बाद क्रमशः कर्नाटक, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा गुजरात का स्थान है। राज्य/संघशासित प्रदेश अनुसार आवेदनों की संख्या कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है:- महाराष्ट्र (1990), कर्नाटक (872), दिल्ली (702), आन्ध्र प्रदेश (411), पश्चिम बंगाल (358), गुजरात (295), हरियाणा (126), उत्तर प्रदेश (115), झारखंड (112), केरल (107), पंजाब (61), मध्य प्रदेश (51), राजस्थान (40), उत्तराखंड (29), चंडीगढ़ (27), असम (15), बिहार (10),छत्तीसगढ़ (10), हिमाचल प्रदेश (10) इत्यादि।




वर्ष 2008-09 के दौरान डॉ. रेड्डीज् लेबोरेट्रीज भारतीय आवेदकों में अग्रणी रही जिसने औषधि निर्माण के क्षेत्र से अधिकतम संख्या में आवेदन (147) दाखिल किए। निम्नलिखित सूची उन शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदकों का विवरण प्रस्तुत करती है जिन्होंने औषधि निर्माण के क्षेत्र में पेटेन्ट आवेदन दाखिल किया है।

(i) **औषधि निर्माण उद्योग के क्षेत्र से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक**

| क्र.सं. | औषधि निर्माण उद्योग के नाम | दाखिल आवेदन |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज | 147 |
| 2 | रैनबैक्सी लेबोरेट्रीज लिमिटेड | 101 |
| 3 | अबेस्थागन लिमिटेड | 66 |
| 4 | कैडिला हेल्थकेयर लि. | 57 |
| 5 | मैट्रिक्स लेबोरेट्रीज लि. | 54 |
| 6 | ऑर्किड केमिकल्स एंड फर्मास्युटिकल्स लिमिटेड | 22 |
| 7 | ऑरबिन्दो फर्मा लिमिटेड | 22 |
| 8 | जुबिलेन्ट ऑरगेनोसिस लि. | 21 |
| 9 | इंड-स्विफ्ट लेबोरेट्रीज लि. | 19 |
| 10 | पेनिसिया बायोटेक लिमिटेड | 15 |

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स ने अधिकतम आवेदन (205) दाखिल किए हैं जिसके बाद इंफोसिस टेक्नॉलोजीज लि.(81) का स्थान है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख भारतीय आवेदकों की सूची निम्नवत् है।

(ii) **सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख भारतीय आवेदक**

| क्र.सं. | कंपनियों के नाम | दाखिल आवेदन |
|---|---|---|
| 1. | सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स | 205 |
| 2. | इंफोसिस टेक्नॉलोजीज लि. | 81 |
| 3. | टाटा एलैक्सी लि. | 14 |
| 4. | टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस | 11 |
| 5. | राजेन्द्र कुमार खरे | 5 |

वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों में कॉंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च ने अधिकतम आवेदन (165) दाखिल किए हैं जिसके बाद भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि. और टाटा स्टील का स्थान है। पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों की सूची निम्नवत् है।

(iii) **वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक**

| क्र.सं. | वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों के नाम | दाखिल आवेदन |
|---|---|---|
| **1.** | कॉन्सिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च | 165 |
| **2.** | भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि. | 119 |
| **3.** | टाटा स्टील | 65 |
| **4.** | इंडियन कॉन्सिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च | 35 |
| **5.** | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड | 31 |
| **6.** | लूपिन लिमिटेड | 30 |
| **7.** | इमिलन डेवेलपमेन्ट सेंटर | 17 |
| **8.** | अपेक्स लैब्स प्रा. लि. | 13 |
| **9.** | रूबीकॉन रिसर्च प्रा. लि. | 12 |
| **10.** | इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन | 11 |

वर्ष 2008-09 के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने 91 आवेदन दाखिल कर भारतीय विश्वविद्यालय एवं संस्थानों में शीर्ष स्थान हासिल किया जिसके बाद एमेटी यूनिवर्सिटी एवं भारतीय विज्ञान संस्थान का रहा। भारतीय विश्वविद्यालय एवं संस्थानों से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 आवेदक निम्नलिखित हैं।

**(iv) संस्थानों और विश्वविद्यालयों से पेटेन्ट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 प्रमुख भारतीय आवेदक**

| क्र.सं. | संस्थानों और विश्वविद्यालयों के नाम | दाखिल आवेदन |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान | 91 |
| 2. | एमेटी यूनिवर्सिटी | 33 |
| 3. | भारतीय विज्ञान संस्थान | 21 |
| 4. | सेंट्रल इन्स्टिट्यूट फॉर रिसर्च ऑन कॉटन | 12 |
| 5. | नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ फर्मास्युटिकल एज्यूकेशन एंड रिसर्च | 08 |
| 6. | नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी | 7 |
| 7. | यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली | 7 |
| 8. | एस.एन.बोस नेशनल सेंटर फॉर बी.एस. | 7 |
| 9. | त्यागराजर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग | 6 |
| 10. | पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी | 4 |

**(ख) विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन**

**i. कन्वेंशन आवेदन:**

दाखिल कन्वेंशन आवेदनों की संख्या 4264 थी जो पिछले वर्ष दाखिल कुल कन्वेंशन आवेदन 4453 की तुलना में लगभग 4.24**%** की वृद्धि दर्ज करता है।

**ii. पी.सी.टी माध्यम द्वारा राष्ट्रीय फेज के रूप में दाखिल आवेदन**

विदेश से प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश पी.सी.टी राष्ट्रीय फेज माध्यम से दाखिल किए गए वर्ष के दौरान दाखिल ऐसे आवेदनों की संख्या **25,706** रही जो विगत वर्ष (23,891) की तुलना में लगभग **7.6%** अधिक है। प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका अग्रणी रहा जिसके पश्चात जर्मनी, जापान, स्वीटजरलैंड, नीदरलैंड, फ्रांस, स्वीडन, युनाईटेड किंगडम, कोरिया गणतंत्र तथा इटली इत्यादि का स्थान रहा। इन आवेदनों की देशानुसार संख्या कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है:- संयुक्त राज्य अमेरिका (9013), जर्मनी (2774), जापान (2259), नीदरलैंड (1524), स्वीटजरलैंड (1422), फ्रांस (1396), युनाईटेड किंगडम (1084), स्वीडन (1057), कोरिया गणतंत्र (581), इटली (494), फिनलैंड (426), डेनमार्क (397), आस्ट्रेलिया (367), इजराइल (366), कनाडा (344), बेल्जियम (340), चीन गणतंत्र (308), आस्ट्यिा (169), स्पेन (157), नार्वे (117) इत्यादि






निम्नलिखित तालिका उन शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदकों की सूची प्रदान करती है जिन्होंने 2008-09 के दौरान पेटेन्ट आवेदन दाखिल किए हैं। यह पाया गया है कि क्वालकम इंकॉरपोरेशन इस सूची में अग्रणी रहा है जिसके बाद थॉमसन लाईसेंसिंग, नोवार्टीस एजी तथा अस्ट्राजेनेका एबी का स्थान रहा है।

**शीर्ष 10 विदेशी आवेदक**

| क्र.सं. | संगठनों के नाम | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | क्वालकम इंकॉरपोरेशन | 252 |
| 2 | थॉमसन लाईसेंसिंग | 221 |
| 3 | नोवार्टीस एजी | 226 |
| 4 | अस्ट्राजेनेका एबी | 190 |
| 5 | टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल) | 176 |
| 6 | जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी | 174 |
| 7 | नोकिया कॉर्पोरेशन | 173 |
| 8 | द प्रॉक्टर एंड गैम्बल कंपनी | 157 |
| 9 | सोनी एरिक्सन मोबाइल कम्यूनिकेशनस एबी | 104 |
| 10 | सोनी कॉरपोरेशन | 102 |

वर्ष 2008-09 के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त एवं उद्‌गम देश तथा राज्यवार वर्गीकृत पेटेन्ट आवेदनों का विवरण **परिशिष्ठ-"ख"** में दर्शाया गया है।

1999-2000 से 2008-2009 की अवधि के दौरान विभिन्न माध्यमों से भारतीय प्रवासियों एवं अप्रवासियों से प्राप्त पेटेन्ट आवेदन **परिशिष्ट- "ग"** में दर्शाया गया है।

2004-2005 से 2008-2009 के दौरान रसायन, विद्युतीय, यांत्रिकी तथा सामान्य क्षेत्रों इत्यादि के विषयवार दाखिल आवेदनों का विवरण **परिशिष्ट "ङ" तथा "ङ1"** में प्रदत्त सारणी द्वारा दिखाया गया है।

**3. अनुदानित तथा प्रवृत्त पेटेन्ट :**

वर्ष के दौरान अनुदानित पेटेन्ट की संख्या **16,061** थी, जिनमें से 2,**541** भारतीयों को अनुदानित किए गए। 31 मार्च 2009 को प्रवृत पेटेन्ट की संख्या **30,822** थी जिनमें से **6,158** पेटेन्ट भारतीयों के नाम थे। कुल अनुदानित पेटेन्ट में से **3,242** पेटेन्ट यांत्रिकी, 2,**376** रसायन, **1,207** भेषज या औषधि, **1,140** विद्युतीय, **97** खाद्य से संबंधित आवेदनों के लिए अनुदानित किए गए।

वर्ष 1999-2000 से वर्ष 2008-2009 की अवधि के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या, परीक्षण हेतु प्राप्त अनुरोधों की संख्या, परित्यक्त हुआ सामान लिए गए आवेदनों तथा अनुदानित पेटेन्ट एवं प्रवृत्त पेटेन्ट की संख्या **परिशिष्ठ-"घ"** में प्रदर्शित की गई है। वर्ष 2004-05 से 2008-09 के विगत पाँच वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के अन्वेषणों पर अनुदानित पेटेन्ट की संख्या **परिशिष्ट- "च"** व **"च"-1** में प्रदर्शित की गई है।

**4.पी.सी.टी अन्तर्राष्ट्रीय आवेदन:**

विगत वर्ष के 707 की तुलना में इस वर्ष के दौरान पी.सी.टी प्रणाली का उपयोग करते हुए भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की कुल संख्या 887 थी जो लगभग 25% की वृद्धि दर्शाती है। विगत पाँच वर्षों के दौरान दाखिल पी.सी.टी. अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों का लेखा-जोखा निम्नवत् है।

| वर्ष | वैयक्तिक | विधिक सत्ताधारी | कुल |
|---|---|---|---|
| 2004-2005 | 105 | 351 | 456 |
| 2005-2006 | 130 | 352 | 482 |
| 2006-2007 | 144 | 390 | 534 |
| 2007-2008 | 169 | 538 | 707 |
| **2008-2009** | **232** | **655** | **887** |




वर्ष के दौरान पी.सी.टी. अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों के सर्वप्रमुख अंशदाता थे- सी.एस.आई.आर, कैडिला हेल्थ केयर लि., रिलायन्स इंडस्ट्रीज लि., सन फर्मास्युटिकल्स लि., सन फर्मास्युटिकल्स एडवांस रिसर्च लैब, आदित्य बिरला साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, एल्केम लैब, रिलायन्स लाइफ सायंसेस प्रा.लि., ग्लेनमार्क जेनेरिक्स लि., एलेम्बिक लि., आर्क फार्मा लैब इत्यादि।

**5. पेटेन्ट अधिनियम व नियमों के तहत विविध महत्वपूर्ण कार्यवाहियाँ**

**(क) परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आविष्कार:** पेटेन्ट अधिनियम, 1970 की धारा 4 के तहत आलोच्य वर्ष के दौरान 30 आवेदन परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रेषित किए गए जिनमें से 21 आवेदन वर्ष के दौरान सामान्य शासकीय कार्यवाही के तहत प्रक्रियागत करने के लिए अनुमत्य हुए तथा 2 आवेदन अब भी परमाणु ऊर्जा विभाग के समक्ष विचारार्थ लंबित हैं तथा 07 आवेदनों को परमाणु ऊर्जा विभाग ने अस्वीकृत कर दिया जिसके फलस्वरूप उन पर पेटेन्ट अधिनियम की धारा 4 लागू हुई।

**(ख) आवेदनों का आहरण (धारा 11 ा के तहत):** वर्ष के दौरान आवेदनों के आहरण हेतु **127** अनुरोध दाखिल किए गए जिसमें से 112 का निपटान वर्ष के दौरान कर दिया गया।

**(ग) धारा 11 के तहत पेटेन्ट आवेदनों का प्रकाशन:** वर्ष के दौरान धारा 11ए के तहत 40749 आवेदन प्रकाशित किए गए जिनमें शीघ्र प्रकाशन हेतु 928 आवेदन शामिल हैं। 1 अप्रैल, 2005 से अब तक प्रकाशित पेटेन्ट आवेदनों की संख्या का शाखानुसार विवरण निम्नवत् हैं।

| वर्ष | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| धारा 11ए के तहत प्रकाशन | 22781 | 18602 | 59643 | 39821 | 140847 |
| शीघ्र प्रकाशन | 617 | 708 | 863 | 928 | 3116 |
| कुल | 23398 | 19310 | 60506 | 40749 | 143963 |

**(घ) अनुदानपूर्व-आपत्ति [धारा 25(1) के तहत]:** वर्ष के दौरान इस धारा के तहत आपत्ति के रूप में 153 आवेदन प्राप्त किए गए। जबकि वर्ष के दौरान **39** आवेदनों का निपटान कर दिया गया तथा 337 अनुदानपूर्व-आपत्तियाँ (अनेक निरुपणों सहित) निपटान हेतु लंबित रही।

**(ङ) अनुदानोत्तर आपत्ति [धारा 25(2) के तहत]:** वर्ष के दौरान 71 अनुदानोत्तर आपत्तियाँ दाखिल की गईं। जबकि वर्ष के दौरान 7 अनुदानोत्तर आपत्तियों का निपटान कर दिया गया तथा 122 अनुदानोत्तर आपत्तियाँ निपटान हेतु लंबित रही।

**(च) गोपनीय निदेश (धारा 35 के तहत):** वर्ष के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा 60 आवेदनों पर गोपनीय निदेश लागू किये गये। जबकि 21 आवेदनों के संदर्भ में पहले से लागू गोपनीयता निदेशों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिसंहृत कर दिया गया जबकि 12 आवेदन विचारार्थ लंबित रहे एवं 27 मामलों को सामान्य कार्यवाही करने के लिए प्रतिरक्षा मंत्रालय की स्वीकृती मिली।

**(छ) अनुमति (धारा 39 के तहत):** भारत को छोड़कर अन्य देशों में आवेदन दाखिल करने हेतु अनुरोध करते हुए 1847 आवेदन दाखिल किए गए जिसमें से 1844 पर अनुमति प्रदान कर दी गई।

**(ज) व्यपगत पेटेन्ट का प्रत्यावर्तन (धारा 60 के तहत):** वर्ष के दौरान व्यपगत पेटेन्ट के प्रत्यावर्तन के लिए 399 आवेदन प्राप्त किए गए तथा 168 आवेदन प्रत्यावर्तित किए गए।

**(झ) दस्तावेजों का पंजीकरण (धारा 68 तथा 69 समनुदेशन इत्यादि के तहत):** दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए कुल 467 मामले प्राप्त किए गए जिसमें से 282 मामलों का निपटान कर दिया गया।

**(ञ) सत्यापित प्रति की आपूर्ति (धारा 72 तथा 147 के तहत):** सत्यापित प्रतियों की आपूर्ति हेतु कुल 2124 अनुरोध प्राप्त किए गए जबकि 635 का निपटान कर दिया गया।

**(ट) जारी पेटेन्ट (धारा 83 के तहत):** पेटेन्टग्राही अथवा इनके द्वारा प्राधिकृत एजेंट द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार कुल 4752 पेटेन्ट को वाणिज्यिक रूप से जारी रहने के रूप में दर्शाया गया।

**(ठ) अनिवार्य लाईसेन्स (धारा 84, 92 तथा 92-क के तहत):** धारा 84 तथा 92 के तहत अनिवार्य लाईसेन्स के अनुदान हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। जबकि धारा 92-क के तहत पेटेन्टकृत औषधीय उत्पादों के निर्यात हेतु अनिवार्य लाईसेन्स के अनुदान के लिए 2 अनुरोध प्राप्त हुए एवं दोनों का निपटान कर दिया गया।

**(ड) सूचना (धारा 153 के तहत):** वर्ष के दौरान पेटेन्ट नियम, 2003 के नियम 134 में यथा प्रदत्त इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत पेटेन्ट कार्यालय ने 2354 की संख्या में सूचना संबंधी अनुरोध प्राप्त किए।

**(ढ) अनुलिपि पेटेन्ट (धारा 154 के तहत):** कुल 26 अनुरोध प्राप्त किए गए तथा 5 का निपटारा कर दिया गया।

**(ण) पेटेन्ट अभिकर्त्ताओं का पंजीकरण:** वर्ष के दौरान नवीन पंजीकरणों की संख्या 142 रही। 31 मार्च 2009 को पंजीकृत पेटेन्ट अभिकर्त्ताओं की कुल संख्या 1462 थी।

**6. राजस्व एवं व्यय:**

पेटेन्ट कार्यालयों ने इस वर्ष के दौरान अधिनियम एवं नियमों के तहत विभिन्न कार्यवाहियों से शुल्क के रूप में **रू. 156.15 करोड़** का राजस्व अर्जित किया। वर्ष के दौरान तदनुरूपी व्यय (डिजाइन प्रशासन सहित) **रू. 18.53** करोड़ रहा। पेटेन्ट मद में शुल्क के रूप में अर्जित राजस्व का विवरण **परिशिष्ट "छ"** में दिया गया है।

**7. सामान्य सूचना**

पेटेन्ट कार्यालय, कोलकाता तथा मुम्बई, दिल्ली एवं चेन्नई स्थित उसके शाखा कार्यालयों के वैज्ञानिक तथा तकनीकी पुस्तकालय जनता को परामर्श तथा संदर्भ के क्षेत्र में सुविधा प्रदान करते रहे। सुविधाओं का विभिन्न अनुसंधान व औद्योगिक संस्थानों के आविष्कारक तथा अन्य जनता के साथ साथ विभिन्न विश्वविद्यालयों में अनुसंधानरत विद्वानों ने और अधिक उपयोग किया।

वर्ष के दौरान पेटेन्ट कार्यालय ने 312 गजट एवं 16,001 सीडी रोम विभिन्न देशों से प्राप्त किए। पेटेन्ट कार्यालय में 7,480 भारतीय तथा विदेशी पुस्तकें एवं जॉर्नल हैं।

भारतीय तथा वैदेशिक पेटेन्ट विनिर्देश अन्य प्रकाशनों के माध्यम से स्वाध्याय और संदर्भ कार्यों के संपादन हेतु पेटेन्ट कार्यालय, कोलकाता तथा मुम्बई, दिल्ली एवं चेन्नई स्थित इसके शाखा कार्यालयों के पुस्तकालय में कुल 4,405 व्यक्ति आए। इन कार्यालयों के अन्वेषण कक्ष तथा पुस्तकालयों का समीचीन उपयोग वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों इत्यादि ने किया।

आम लोगों ने सभी पेटेन्ट कार्यालयों द्वारा प्रदत्त नि:शुल्क ऑनलाईन इंटरनेट खोज सुविधा का भी लाभ उठाया।

पेटेन्ट कार्यालय ने अगस्त, 2008 से पेटेन्ट आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया तथा सूचना हेतु वेब आधारित परिसंवादी दिशानिर्देश की सुविधा भी आम जनता के लिए उपलब्ध कराई।

**8. सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रदत्त सूचना**

वर्ष के दौरान कुल 233 अनुरोध प्राप्त हुए एवं सभी अनुरोधों के संदर्भ में अधिनियम के तहत प्रदत्त समय-सीमा के अनुसार आवश्यक समुचित कार्रवाई की गई।

परिशिष्ट-क(1)

**31 मार्च 2009 को नियोजित परीक्षकों के विशिष्ट तकनीकी कार्यक्षेत्र के विवरण**

| विशिष्टता का व्यापक तकनीकी क्षेत्र | परीक्षकों की संख्या |
|---|---|
| कृषि | - |
| जैव-रसायन | 05 |
| बायोइनफॉर्मेटिक्स | - |
| जैव-तकनीकी | 09 |
| बी-फार्मा | 03 |
| रसायन | 13 |
| सिविल इंजिनियरिंग | 04 |
| कम्प्यूटर विज्ञान | 05 |
| वैद्युतिक अभियंत्रण | 04 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स व दूरसंचार अभियंत्रण | 07 |
| यांत्रिकी अभियंत्रण | 04 |
| धातुकर्म | 03 |
| माइक्रो वायोलॉजी | 11 |
| भौतिकी | 03 |
| पोलिमर साइंस | 01 |
| उत्पादन व औद्योगिक अभियंत्रण | - |
| वस्त्र अभियंत्रण | 02 |
| पशु चिकित्सा | - |
| विशिष्टता के अन्य क्षेत्र | 01 |
| | |
| **कुल:** | **75** |

परिशिष्ट "ख"

वर्ष 2007-2008 की तुलना में 2008-2009 में दाखिल किए गए पेटेन्ट आवेदन

उद्‌गम राज्य/राष्ट्र के अनुसार वर्गीकृत

| देश/राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | साधारण आवेदनों की संख्या | | कन्वेंशन आवेदनों की संख्या | | राष्ट्रीय फेज आवेदनों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| महाराष्ट्र | 1990 | 1936 | 22 | 40 | 138 | 169 |
| दिल्ली | 702 | 812 | 03 | 03 | 37 | 34 |
| तमिलनाडु | 783 | 708 | - | - | - | - |
| पश्चिम बंगाल | 358 | 303 | | - | 13 | - |
| गुजरात | 295 | 286 | - | - | 03 | 01 |
| कर्नाटक | 872 | 814 | - | - | 11 | - |
| केरल | 107 | 123 | - | - | - | - |
| उत्तर प्रदेश | 115 | 161 | - | - | 03 | 02 |
| हरियाणा | 126 | 123 | - | - | 05 | 04 |
| आन्ध्र प्रदेश | 411 | 414 | - | - | 27 | 01 |
| मध्य प्रदेश | 51 | 50 | 1 | - | - | - |
| बिहार | 10 | 21 | - | - | - | - |
| पंजाब | 61 | 44 | - | - | - | 01 |
| राजस्थान | 40 | 36 | - | - | - | - |
| उड़ीसा | 22 | 12 | - | 01 | - | - |
| असम | 15 | 16 | - | - | - | - |
| गोवा | 08 | 01 | - | - | - | - |
| पांडीचेरी | 01 | - | - | - | - | - |
| हिमाचल प्रदेश | 10 | 15 | - | - | - | - |
| जम्मू व कश्मीर | 05 | 04 | - | - | - | - |
| चंडीगढ़ | 27 | 33 | - | - | - | - |
| झारखण्ड | 112 | 85 | - | - | - | - |
| मेघालय | 01 | - | - | - | - | - |
| उत्तराखण्ड | 29 | 25 | 01 | - | - | - |
| छत्तीसगढ़ | 10 | 15 | - | - | - | - |
| त्रिपुरा | | 01 | | - | | - |
| मणिपुर | | 01 | | - | | - |
| सिक्किम | | 01 | | - | | - |
| कुल: | **6161** | 6040 | **27** | 44 | **237** | 212 |

परिशिष्ट "ख" जारी

## राष्ट्रमंडल देश

| | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| युनाईटेड किंगडम | 31 | 17 | 63 | 84 | 1084 | 990 |
| ऑस्ट्रेलिया | 02 | 02 | 17 | 38 | 367 | 404 |
| कनाडा | 09 | 06 | 118 | 121 | 344 | 416 |
| आयरलैंड | 03 | 02 | 01 | 03 | 80 | 109 |
| श्रीलंका | - | 01 | 01 | - | - | - |
| न्युजीलैंड | - | 01 | 02 | 10 | 48 | 61 |
| कुल | 45 | 29 | 202 | 256 | 1923 | 1980 |

## उत्तर व दक्षिण अमेरिका

| | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| यु.एस.ए | 250 | 393 | 1715 | 1654 | 9013 | 8606 |
| मैक्सिको | 01 | - | - | 01 | 20 | 16 |
| वेनेजुएला | - | - | - | - | - | 01 |
| ब्राजील | 04 | 03 | - | 08 | 49 | 44 |
| अर्जेन्टीना | 01 | - | 01 | - | 03 | 02 |
| वेस्ट इंडिज | 04 | 02 | - | - | 04 | 05 |
| पनामा | - | - | - | - | 09 | 10 |
| उरूग्वे | - | - | - | - | - | 02 |
| बरमुदा | 01 | - | - | - | 31 | - |
| बारबाडोज | - | - | 03 | - | 09 | 07 |
| बहमास | - | - | 01 | 07 | 07 | 13 |
| क्युबा | - | - | - | 01 | 20 | 07 |
| कोस्टारिका | - | - | - | - | - | 09 |
| बेलाइज | - | - | - | - | - | - |
| ब्रिटिश वेस्ट इंडिज | - | - | 01 | - | 01 | 01 |
| वर्जिन आइलैंड | - | - | - | 05 | 03 | **02** |
| ब्रिटिश आइजल्स | 04 | - | - | - | 01 | - |
| चिली | - | - | - | 01 | 03 | - |
| ग्वाटेमाला | - | - | - | - | 01 | - |
| ग्रेनेडा | - | - | - | - | 01 | - |
| उत्तर व दक्षिण अमेरिका के अन्य देश | - | - | 01 | 01 | 13 | 04 |
| कुल: | **265** | 398 | **1722** | 1679 | **9188** | 8732 |

परिशिष्ट "ख" जारी

यूरोप

| | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| जर्मनी | 25 | 48 | 524 | 419 | 2774 | 2441 |
| फ्रांस | 26 | 13 | 249 | 285 | 1396 | 1224 |
| स्वीटजरलैंड | 73 | 56 | 190 | 264 | 1422 | 1327 |
| स्वीडन | 03 | 08 | 21 | 47 | 1057 | 1001 |
| रशिया | - | 01 | 02 | - | 61 | 36 |
| नीदरलैंड्स | 02 | 12 | 18 | 27 | 1524 | 1293 |
| इटली | 07 | 08 | 155 | 159 | 494 | 519 |
| हंगरी | - | - | - | 04 | 45 | 25 |
| आस्ट्रीया | - | 01 | 20 | 24 | 169 | 157 |
| बेल्जियम | 01 | 03 | 15 | 16 | 340 | 352 |
| डेनमार्क | 05 | 05 | 15 | 10 | 397 | 302 |
| लग्जमबर्ग | - | - | 02 | 10 | 44 | 35 |
| युगोस्लाविया | - | - | - | - | - | 08 |
| नार्वे | - | - | 08 | 08 | 117 | 108 |
| स्पेन | 03 | 04 | 11 | 15 | 157 | 155 |
| फिनलैंड | 08 | 04 | 06 | 04 | 426 | 499 |
| लिचेन्सटिन | - | - | - | - | 09 | 11 |
| आइसलैंड | 03 | 01 | 01 | 48 | 09 | 10 |
| पूर्तगाल | 01 | - | - | 03 | 13 | 18 |
| साइप्रस | - | - | - | - | 20 | 05 |
| चैनल आइलैंड | - | 01 | - | - | - | 01 |
| टर्की | - | - | 01 | 01 | 06 | 07 |
| चेक गणराज्य | - | - | 01 | 11 | 18 | 10 |
| पोलैंड | - | - | 01 | - | 08 | 12 |
| इस्टोनिया | - | - | - | - | 05 | 01 |
| लात्विया | - | - | - | - | 05 | 02 |
| रोमानिया | - | - | - | - | 01 | 04 |
| स्लोवेनिया | - | - | - | - | 17 | 15 |
| स्लोवाकिया | - | 02 | - | 01 | 02 | 04 |
| मोनाको | - | - | **01** | - | 02 | 04 |
| युक्रेन | - | - | - | - | - | 04 |
| बुल्गारिया | - | - | - | - | 02 | - |
| ग्रीस | - | - | - | - | 13 | **09** |
| केमेन आइलैंड | - | - | - | - | 02 | - |
| यूरोप के अन्य देश | | | - | | 32 | |
| कुल | **157** | **168** | **1241** | **1356** | **10587** | **9622** |

परिशिष्ट "ख" जारी

अफ्रिका

| | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| दक्षिण अफ्रीका | 02 | 01 | 02 | 08 | 74 | 64 |
| स्वाजीलैंड | 20 | 01 | 68 | - | 04 | 01 |
| मौरिशस | 02 | 01 | 01 | - | 05 | - |
| तंजाम | - | - | - | - | - | - |
| माल्टा | - | - | - | - | 02 | 05 |
| ट्युनिशिया | - | | - | | 01 | |
| इजिप्ट | - | - | - | **01** | 01 | **02** |
| अफ्रीका के अन्य देश | - | **01** | - | **01** | 01 | **08** |
| कुल | **24** | 04 | **71** | 10 | **88** | 80 |

एशिया

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 | 2008-09 | 2007-08 |
| जापान | 30 | 43 | 673 | 604 | 2259 | 1806 |
| चीन गणराज्य | 13 | 39 | 60 | 87 | 308 | 263 |
| कोरिया | 42 | 22 | 112 | 200 | 581 | 698 |
| इजराइल | 01 | - | 09 | 99 | 366 | 339 |
| ताइवान | 87 | 97 | 114 | 76 | 18 | 12 |
| हाँग-काँग | 02 | 03 | 17 | 18 | 06 | 15 |
| युनाइटेड अरब अमीरात | 01 | 01 | 01 | 01 | 05 | 02 |
| थाइलैंड | 06 | 05 | 06 | 02 | 01 | 02 |
| मलेशिया | - | - | 03 | 07 | 23 | 17 |
| सिंगापुर | 04 | 12 | 04 | 10 | 83 | 69 |
| फिलिपिन्स | - | - | 01 | - | 01 | 02 |
| सउदी अरेबिया | - | 01 | - | - | 11 | 27 |
| कजाकिस्तान | - | - | - | - | 02 | 02 |
| इंडोनेशिया | - | - | - | - | - | - |
| क्रोएशिया | - | - | - | - | 07 | 06 |
| उजबेकिस्तान | - | - | - | - | - | - |
| माली | - | - | - | - | - | - |
| कुवैत | - | - | - | - | - | - |
| नेपाल | - | - | - | 01 | - | - |
| सर्बिया | - | - | - | - | 01 | - |
| वियतनाम | - | - | - | - | - | - |
| बेलारूस | 02 | - | - | - | 01 | - |
| पाकिस्तान | - | - | 01 | - | - | - |
| अजरबैजान | - | - | - | - | 01 | |
| एशिया के अन्य देश | 02 | - | - | 03 | 09 | 05 |
| कुल: | **190** | 223 | **1001** | 1108 | **3683** | 3265 |
| कुल योग: | **6842** | 6874 | **4264** | 4453 | **25706** | 23891 |

परिशिष्ट "ग"

## प्रवासी और अप्रवासियों द्वारा विभिन्न तरीके से पिछले दस वर्षों में दाखिल आवेदनों का विवरण

| आवेदक | 1999-2000 | 2000-2001 | 2001-2002 | 2002-2003 | 2003-2004 | 2004-2005 | 2005-2006 | 2006-2007 | 2007-2008 | 2008-2009 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| **भारत में रहने वाले** | 2206 | 2179 | 2371 | 2693 | 3218 | 3630 | 4521 | 5314 | 6040 | **6161** |
| **अप्रवासी** | | | | | | | | | | |
| साधारण | 2349 | 2160 | 1870 | 1723 | 1678 | 3165 | 1008 | 693 | 834 | **681** |
| कन्वेंशन | - | - | - | - | - | - | 3509 | 3969 | 4453 | **4264** |
| पीसीटी के तहत राष्ट्रीय फेज आवेदन | 269 | 4164 | 6351 | 7049 | 7717 | 10671 | 15467 | 19768 | 23891 | **25706** |
| **कुल योग:** | 4824 | 8503 | 10592 | 11466 | 12613 | 17466 | 24505 | 28940 | 35218 | **36812** |

परिशिष्ट "घ"

## वर्ष 1998-99 से 2008-09 के दौरान पेटेन्ट संबंधी विविध सूचनाएँ

| वर्ष | दाखिल आवेदनों की संख्या | परीक्षण के लिए अनुरोधों की संख्या | पूर्ण विनिर्देश दाखिल नहीं करने के कारण धारा 9 (1) के तहत परित्यक्त मान लिए गए आवेदनों की संख्या | पूर्ण विनिर्देश के अस्वीकृत होने के कारण धारा 21 (1) के तहत परित्यक्त समझे गये आवेदनों की कुल संख्या | अनुदत्त पेटेन्टों की संख्या | | प्रवृत्त पेटेन्ट की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | भारतीय | विदेशी | भारतीय | विदेशी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1998-1999 | 8954 | | 820 | 804 | 645 | 1155 | 2088 | 6691 |
| 1999-2000 | 4824 | | 262 | 1954 | 557 | 1324 | 2200 | 6458 |
| 2000-2001 | 8503 | | 89 | 460 | 399 | 919 | 1495 | 6530 |
| 2001-2002 | 10592 | | 325 | 1031 | 654 | 937 | 1578 | 6742 |
| 2002-2003 | 11466 | | 290 | 1633 | 494 | 885 | 1479 | 6519 |
| 2003-2004 | 12613 | 12362 | 933 | 1695 | 945 | 1524 | 2075 | 4331 |
| 2004-2005 | 17466 | 19001 | 267 | 775 | 764 | 1147 | 2200 | 4657 |
| 2005-2006 | 24505 | 21926 | 414 | 894 | 1396 | 2924 | 4486 | 11933 |
| 2006-2007 | 28940 | 20645 | 694 | 1121 | 1907 | 5632 | 3473 | 13593 |
| 2007-2008 | 35218 | 22146 | 1066 | 479 | 3173 | 12088 | 7966 | 21722 |
| **2008-2009** | **36812** | **30595** | **888** | **1075** | **2541** | **13520** | **6158** | **24664** |

परिशिष्ट "ङ"

## आविष्कार के विविध क्षेत्रों के अंतर्गत सत्र 2004-2005 से 2008-2009 तक विगत पाँच वर्षों के दौरान दाखिल पेटेन्ट आवेदनों की संख्या

| वर्ष | रसायन | भेषज | खाद्य | वैद्युतिक | यांत्रिकी | कंप्यूटर/ इलेक्ट्रोनिक्स | जैव-तकनीकी | सामान्य | अन्य क्षेत्र (परिशिष्ट ङ-I देखें) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2004-2005 | 3916 | 2316 | 190 | 1079 | 3304 | 2787 | 1214 | | 2659 | 17466 |
| 2005-2006 | 5810 | 2211 | 101 | 1274 | 4734 | 5700 | 1525 | | 3150 | 24505 |
| 2006-2007 | 6354 | 3239 | 1223 | 2371 | 5536 | 5822 | 2774 | | 1621 | 28940 |
| 2007-2008 | 6375 | 4267 | 233 | 2210 | 6424 | 4842 | 1950 | | 7110 | 35218 |
| **2008-2009** | **5884** | **3672** | **340** | **2319** | **6360** | **7063** | **1844** | **2946** | **6384** | **36812** |

परिशिष्ट "ङ 1"

## आविष्कार के अन्य विविध तथा नए क्षेत्रों के अंतर्गत सत्र 2008-2009 के दौरान दाखिल पेटेन्ट आवेदनों की संख्या

| आविष्कार के क्षेत्र | बायो-मेडिकल भा / वि | बायो-केमेस्ट्री भा / वि | बायो-इंफोर्मेटिक्स भा / वि | भौतिकी भा / वि | सिविल भा / वि | वस्त्र भा / वि | धातुकर्म/ सामग्री विज्ञान भा / वि | कृषि भा / वि | पोलिमर विज्ञान भा / वि | पशु चिकित्सा भा / वि | अन्य दूसरे क्षेत्र भा / वि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2008-2009 | 68/1106 | 119/759 | 4/60 | 110/1558 | 50/361 | 41/398 | 62/517 | 29/59 | 41/1042 | रिक्त/रिक्त | |

* भा = भारतीय, वि = विदेशी

कुल परिशिष्ट - ङ 1 :- 6384

परिशिष्ट "च"

| वर्ष | रसायन | भेषज | खाद्य | वैद्युतिक | यांत्रिकी | कंप्यूटर /इलेक्ट्रोनिक्स | जैव-तकनीकी | सामान्य | अन्य क्षेत्र (परिशिष्ट-च-1 देखें) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2004-2005** | 573 | 192 | 67 | 245 | 414 | 71 | 71 | | 278 | 1911 |
| **2005-2006** | 1140 | 457 | 140 | 451 | 1448 | 136 | 51 | | 497 | 4320 |
| **2006-2007** | 1989 | 798 | 244 | 787 | 2526 | 237 | 89 | | 869 | 7539 |
| **2007-2008** | 2662 | 905 | 154 | 1067 | 3503 | 1357 | 341 | | 2474 | 15316 |
| **2008-2009** | **2376** | **1207** | **97** | **1140** | **3242** | **1913** | **1157** | **1318** | **3611** | **16061** |

आविष्कार के विविध क्षेत्रों में वर्ष 2004-05 से 2008-09 के पाँच वर्षों के दौरान अनुदानित पेटेन्ट की संख्या

परिशिष्ट "च"-1

आविष्कार के विविध क्षेत्रों के अंतर्गत सत्र 2007-2008 के दौरान दाखिल पेटेन्ट आवेदनों की संख्या

| आविष्कार के क्षेत्र | वायो मेडिकल भा. / वि. | जैव-रसायन भा. / वि. | जैव-सूचना भा. / वि. | भौतिकी भा. / वि. | सिविल भा. / वि. | वस्त्र भा. / वि. | धातुकर्म/मेडिकल सर्विस भा. / वि. | कृषि भा. / वि. | पोलिमर साइंस भा. / वि. | पशु चिकित्सा भा. / वि. | अन्य दूसरे क्षेत्र भा. / वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2008-2009 | 19/244 | 198/1587 | रिक्त/रिक्त | 65/421 | 22/81 | 26/197 | 40/281 | 4/16 | 41/369 | रिक्त/रिक्त | |

* भा. = भारतीय, वि. = विदेशी
कुल परिशिष्ट - च 1:-3611

परिशिष्ट "छ"

**अधिनियम व नियम के तहत विभिन्न कार्यवाहियों के संदर्भ में वर्ष 2008-09 के दौरान प्राप्त शुल्क**

| **एकत्रित शुल्क के संदर्भ** | प्राप्त कुल राशि **(रू.)** |
|---|---|
| **1.** | **2.** |
| (1) धारा5 (2), 7, 54 व 135 के तहत पेटेन्ट आवेदन तथा नियम 20 (1) के तहत पीसीटी राष्ट्रीय फेज आवेदन | 477368414 |
| (2) धारा 11 (ख) के तहत पेटेन्ट आवेदनों के परीक्षण हेतु अनुरोध<br>नियम 24 (ख) (1)(i)<br>नियम 20(4)(ii) | 290942000 |
| (3) विभिन्न कार्यवाहियों के तहत समय विस्तार हेतु अनुरोध नियम 138 के अतिरिक्त | 6717900 |
| (4) धारा 20(1) के तहत दावा तथा धारा 20(4) या 20(5) के तहत निदेश हेतु अनुरोध | 3060200 |
| (5) धारा 25 के तहत पेटेन्ट अनुदान के विरोध की सूचना | 327000 |
| (6) समय विस्तार के लिए आवेदन | 163000 |
| (7) नियम 62(2) के तहत नियंत्रक के समक्ष सुनवाई में उपस्थित होने की सूचना देना | 126000 |
| (8) धारा 28(2), 28(3), 28(7) के तहत आवेदन | 8718500 |
| (9) विनिर्देश से संदर्भ का विलुप्तीकरण | शुन्य |
| (10) धारा 11क(2) तथा नियम 23(ख) के तहत प्रकाशन हेतु अनुरोध | 5210000 |
| (11) धारा 44 के तहत पेटेन्ट के संशोधन हेतु आवेदन | 10500 |
| (12) धारा 53 के तहत पेटेन्ट अनुदान के संदर्भ में नवीकरण शुल्क | 442541000 |
| (13) धारा 57 के तहत पेटेन्ट हेतु आवेदन/संपूर्ण विनिर्देश तथा अन्य दस्तावेज के संशोधन हेतु आवेदन | 11174900 |
| (14) धारा 60 के तहत जहाँ आवश्यक हो अतिरिक्त शुल्क सहित किसी पेटेन्ट के प्रत्यावर्तन के लिए आवेदन पर | 2769000 |
| (15) धारा 69(1) या 69(2) व नियम 74(1), 74(2), या 74(3) एवं नियम 90 (1), 90 (2) के तहत पेटेन्ट के लिए हकदार या हिस्सेदार या बंधककर्त्ता या समनुदेशिती या अन्यथा के रूप में किसी व्यक्ति के नाम को पेटेन्ट पंजी में इंदराज करने के लिए अथवा किसी प्रलेख की अधिसूचना को पेटेन्ट पंजी में दर्ज करने के लिए आवेदन पर | 2047000 |
| (16) नियम 94 (1) या नियम 118 के तहत पेटेन्ट रजिस्टर में या पेटेन्ट एजेन्ट के रजिस्टर में बदलाव के लिए आवेदन | 434800 |

| | |
|---|---|
| (17) धारा 94 (3) के तहत पेटेन्ट पंजी में अतिरिक्त सेवार्थ पते की प्रविष्टि हेतु अनुरोध पर | शुन्य |
| (18) अतिरिक्त पेटेन्ट का स्वतंत्र पेटेन्ट के रूप में परिवर्तन | 6000 |
| (19) नियम 109 (1) या 112 के तहत पेटेन्ट अभिकर्त्ता के रूप में पंजीकरण हेतु आवेदन पर | 218000 |
| (20) पंजी में अभिकर्त्ता के नाम का पंजीकरण- फॉर्म-23 | शुन्य |
| (21) नियम 109 (3) के तहत अर्हता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुरोध पर | 903000 |
| (22) नियम 109 व 112 के तहत पेटेन्ट एजेंट के रूप में किसी व्यक्ति के पंजीकरण हेतु | 314000 |
| (23) पेटेन्ट एजेंट के लिए प्रमाण-पत्र की अनुलिपि | 1000 |
| (24) पेटेन्ट एजेन्ट के नाम को पेटेन्ट रजिस्टर में जारी रखने के लिए निरंतरता शुल्क | 793200 |
| (25) धारा 78(2) के तहत लिपिकीय त्रुटियों के परिमार्जन हेतु अनुरोध पर | 112500 |
| (26) धारा 77(1) (च) या 77(1) (छ) के तहत नियंत्रक के निर्णय/आदेश की संवीक्षा या अपास्त करने हेतु आवेदन पर | 196000 |
| (27) धारा 39 तथा नियम 71 (1) के तहत भारत के बाहर पेटेन्ट आवेदन करने की आज्ञा हेतु अनुरोध | 4074010 |
| (28) अनुलिपि पेटेन्ट के लिए आवेदन | 86000 |
| (29) धारा 72 के तहत अभिप्रमाणित प्रतियों के लिए अनुरोध पर या धारा 147 नियम 133 के तहत प्रमाण-पत्र हेतु | 10401000 |
| (30) धारा 72 के तहत पंजी का निरीक्षण, नियम 27 या नियम 38 या नियम 74 (क) के तहत निरीक्षण हेतु अनुरोध | 2743000 |
| (31) धारा 153 के तहत सूचना हेतू अनुरोध पर | 1701900 |
| (32) नियम 137, 138 के तहत अभ्यावेदन | 36091000 |
| (33) अन्तरराष्ट्रीय आवेदन हेतु सम्पारेषण शुल्क | 5762000 |
| (34) आवेदन का प्रत्याहरण | 474000 |
| (35) अग्रता प्रलेख की अभिप्रमाणित प्रति तैयार करने के लिए एवं उसे अन्तर्राष्ट्रीय ब्यूरो सम्पारेषण हेतु | 2765000 |
| (36) सूचना अधिकार अधिनियम | 4684 |
| (37) धारा 57 (4) तथा 87 (2) के तहत किसी आवेदन के विरोध की सूचना धारा 63 (3) के तहत पेटेन्ट का त्याग करने के लिए धारा 78(5 के तहत अनुरोध पर | 58500 |
| (38) प्रलेख की छायाप्रतियों की आपूर्ति हेतु | 850684 |
| (39) डाक प्रभार पर प्राप्ति | 33750 |
| (40) मुद्रित विनिर्देश की आपूर्ति | 1500 |

| | |
|---|---|
| (41) वार्षिक प्रतिवेदन की आपूर्ति | 400 |
| (42) भारत के राजपत्र की आपूर्ति | 48800 |
| (43) शासकीय जर्नल की आपूर्ति | 323600 |
| (44) अन्यान्य प्राप्तियाँ | 3617248 |
| **कुल:** | **156,14,63,824** |

## अध्याय - IV

## डिजाइन

### 1. परिचय:

यह अध्याय डिजाइन अधिनियम, 2000 जो अपने पूर्ववर्ती 1911 के अधिनियम को निरस्त कर दिनांक 11 मई 2001 से प्रभावी हुआ, के तहत कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक संकेत के अधीन पेटेन्ट कार्यालय, कोलकाता के डिजाइन स्कंध द्वारा निष्पादित गतिविधियों के संदर्भ में प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। यह अधिनियम, तत्संबंधी डिजाइन नियम, 2001 के साथ, बौद्धिक संपदा अधिकार के एक अवयव के रूप में औद्योगिक अभिकल्प के पंजीकरण एवं संरक्षण का अवसर प्रदान करता है। इसके अन्तर्गत विद्यमान पंजीकृत अभिकल्पों तथा अन्यान्य उत्तर पंजीकरण कार्य के प्रतिलिप्यधिकार अवधि का विस्तार शामिल है। इसमें ऐसी गतिविधियों की परख होती है जो पृष्ठ के ढंग तथा साज-सज्जा तथा पंक्तियों एवं रंग के संयोजन के साथ-साथ नये आकार व संरचनाओं के वैशिष्ठ्य का सृजन तथा दृष्टिगत अनुरोध के संवर्धन हेतु वस्तुओं में प्रयुक्त अलंकरण से संबद्ध हैं।

किसी वस्तु के लिए प्रयुक्त डिजाइन पंजीकरण के आवेदनों को उनके अन्तर्राष्ट्रीय वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार वर्गीकृत किया गया है जिससे बेहतर खोज की जा सके।

एन.आई.सी के मार्गदर्शन में पेटेन्ट कार्यालय के डिजाइन स्कंध के संपूर्ण कम्प्यूटरीकरण की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं। डिजाइन आवेदन के डिजिटाइजेशन एवं कम्प्यूटर जनित रजिस्टर के सृजन का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

पूर्व में प्रारंभ की गई आधुनिकीकरण परियोजना का उद्देश्य डिजाइन पुस्तकालय की आधारभूत सुविधा का अद्यतीकरण, कार्य-प्रक्रियाओं में सूचना प्रोद्योगिकी का सम्मिलन, कार्यप्रणाली संबंधी जागरूकता का सृजन एवं मानव संसाधन विकास करना था। इस प्रयास में विश्व बौद्धिक संपदा संस्थान (WIPO) से तकनीकी सहयोग भी स्वीकार किया गया।

फ्रंट ऑफिस साफ्टवेयर स्थापित किया गया है जिसकी सहायता से कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई एवं मुम्बई स्थित पेटेन्ट कार्यालयों में से किसी में भी आवेदन दाखिल करने के साथ ही साथ एक स्वजनित आवेदन संख्या प्रदान कर दी जाती है। इससे आवेदकों को आवेदन दाखिल करने पर तत्क्षण आवेदन संख्या प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

डिजाइन संबंधी बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता सृजित करने के उद्देश्य से एक जनसूचना कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके तहत कई अधिकारियों को विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित अनेक कार्यशालाओं/सिम्पोजिया में भेजा गया। अधिक विस्तृत सूचना उपलब्ध कराने हेतु सूचना पुस्तिका संशोधित की गई है।

### 2. दाखिल एवं पंजीकृत डिजाइन आवेदन

वर्ष के दौरान डिजाइन पंजीकरण हेतु दाखिल आवेदनों की संख्या 6557 थी जो पिछले वर्ष के कुल 6402 की तुलना में वृद्धि दर्शाती है। **4308** आवेदन भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल किए गए जबकि शेष **2249** आवेदन विदेशों से उद्‌गमित हुए।

## दाखिल व पंजीकृत डिजाइन आवेदन




## भारतीय व विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल डिजाइन आवेदन




विदेशों से उद्गमित आवेदनों के संदर्भ में संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान सर्वोपरि रहा जिसके बाद क्रमश: जर्मनी, जापान, यू.के, स्वीटजरलैंड, फिनलैंड, इटली, कोरिया गणतंत्र इत्यादि का स्थान आता है। इन संख्याओं का देशवार विवरण कोष्ठक में प्रदर्शित किया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका (497), जर्मनी (250), जापान (310), यू.के.(139), स्वीटजरलैंड (136), इटली(61), कोरिया गणतंत्र (107), नीदरलैंड (78), फ्रांस (91), फिनलैंड (155), स्वीडन (112), आस्ट्रेलिया (51), चीन गणतंत्र (28), कनाडा (23), डेनमार्क (20), स्पेन(22), न्यूजीलैंड (06), नार्वे (22), इजराइल (10), ताइवान (05), मलेशिया (20), बेल्जियम (15), सिंगापुर (06), दक्षिण अफ्रीका (10), मौरीशस (11), थाइलैंड (03), हांगकांग (05), रशिया (05), संेट कीट्स (07), चेक गणराज्य (20), लिसेस्टीन(08), ब्राजील(06), ग्रीस(02), बहामास(01), लग्जमवर्ग(01), शेसेल्स(01), आइसलैंड(01), स्लोवेक गणराज्य(01), बांग्लादेश(01) तथा अर्जेंटीना(01), तथा अन्य। भारत एवं अन्य कन्वेंशन देशों के बीच पारस्परिक व्यवस्था के तहत 1885 आवेदनों ने प्रायिकता दावे दाखिल किए।

विदेशी कम्पनियों में सीमेन्स, एक्टींगेलसॉफ्ट, नोकिया कार्पोरेशन, अल्फानार कम्पनी लिमिटेड, कोलर कम्पनी, होण्डा मोटर कम्पनी लिमिटेड, एपल इंक, सैप ए.जी., डॉक्टर इंक, एच.सी.एफ. पोर्श ए.जी. कोनिंकलिके, फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स एन.व्ही., सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स लि. अग्रणी रहीं। इसी प्रकार भारतीय कम्पनियों में बिलकेयर लि., क्रॉम्पटन ग्रीव्हस लि., अजन्ता लि., टाटा मोटर्स, माँ डिजाईन्स प्रा. लि., सेलो प्लास्टिक, इशर गुडअर्थ लि., जियापुर रग्स कं. प्रा. लि., पुनीता ट्रिखा, न्यासा होमवेयर, नेशनल इन्स्टिटयूट ऑफ डिजाईन, नीलकमल, नोकिया कार्पोरेशन आदि अग्रणी रहे।

वस्त्र से संबंधित वस्तुओं के अभिकल्प पंजीकरण हेतु 521 आवेदन दाखिल किए गए तथा शेष आवेदन (6036) वर्ष 2008-2009 के दौरान गैर-वस्त्र अभिकल्पों के पंजीकरण हेतु दाखिल किए गए।

### 3.अभिकल्प आवेदन-पत्रों की जाँच

पिछले वर्ष लंबित 1214 मामलों के साथ इस वर्ष दाखिल सभी आवेदनों (6557) का वर्ष के दौरान परीक्षण किया गया। कुल 7771 आवेदनों में से 6446 आवेदनों का परीक्षण किया गया जबकि 125 आवेदनों को परित्यक्तता एवं अस्वीकृति के आधार पर डिजाइन अधिनियम तथा नियमों के तहत पंजीकृत नहीं किया गया। वर्ष के दौरान पंजीकृत अभिकल्पों की संख्या 4772 थी जिनमें वर्ष 2007-2008 में दाखिल आवेदन शामिल हैं। पंजीकृत अभिकल्पों में से 2985 आवेदन भारत से उद्‌गमित थे और शेष 1787 विदेशों से प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान कुल 1885 प्रायकिता आवेदन दाखिल किए गए। वर्ष के अंत में कुल 1325 आवेदन परीक्षण हेतु लंबित रहे ।

### 4. विविध कार्यवाहियाँ

**(क) प्रतिलिप्यधिकार विस्तार [धारा 11(2) के तहत]:** वर्ष के दौरान 2008-09; पंजीकृत अभिकल्पों में प्रतिलिप्यधिकार विस्तार के लिए 649 आवेदन प्राप्त किए गए। संवीक्षा वर्ष के अंत तक 72 प्रकरण लंबित रहे। वर्ष के दौरान अभिकल्प के प्रत्यावर्तन के लिए 16 आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें से 11 आवेदन वर्ष के अंत तक लंबित रहे।

**(ख) पंजीकृत अभिकल्प का निरीक्षण [ धारा 17(1) के तहत]:** कार्यालय द्वारा अभिकल्प में कॉपीराइट में विस्तार संबंधी सूचना के लिए 29 अनुरोध प्राप्त किए गए, जो समान पंजीकृत अभिकल्प के अस्तित्व को पहचानने हेतु वस्तु के निरूपणों के साथ दाखिल किए गए। सभी प्रकरणों का निपटान कर दिया गया। धारा 18 के तहत सूचना हेतु 130 आवेदन प्राप्त किए गए एवं वर्ष के अंत तक 8 आवेदन लंबित रहे।

**(ग) पंजीकृत अभिकल्पों का निरस्तीकरण [धारा 19 के तहत]:** वर्ष के दौरान पंजीकृत अभिकल्पों के निरस्तीकरण के लिए 27 आवेदन किए गए, जबकि विगत वर्ष के अंत तक 333 आवेदन लंबित रहे। वर्ष के दौरान इन 360 प्रकरणों में से 20 आवेदनों का निपटारा कर दिया गया। शेष आवेदन डिजाइन अधिनियम, 2000 की धारा 19 एवं डिजाइन नियम, 2001 की धारा 29 के तहत प्रक्रियागत है ।

वर्ष के दौरान डिजाइन अधिनियम, 2000 के तहत अभिकल्पों के पंजीकरण के संदर्भ में 235 सुनवाईयाँ प्रस्तावित की गईं।

**(घ) जनता द्वारा निरीक्षण [धारा 38 के तहत]:** संविक्षा वर्ष के दौरान 14 बार अभिकल्प पंजी का निरीक्षण किया गया।

**(ङ ) नाम व पते एवं सेवार्थ पते में परिवर्तन [धारा 29, नियम 31 के तहत]:** वर्ष के दौरान अभिकल्प के संदर्भ में नाम व पते एवं सेवार्थ पते में परिवर्तन हेतु 541 अनुरोध प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान नाम व पते एवं सेवार्थ पते में परिवर्तन एवं लिपिकीय त्रुटियों के परिमार्जन हेतु 43 अनुरोध लंबित रहे। उसी तरह वर्ष के दौरान 13 अनुरोध लिपिकीय त्रुटियों के परिमार्जन हेतु, का निस्तारण कर दिया गया।

**(च ) नियम 41 तथा धारा 17 (2) के तहत सत्यापित प्रतियां:** वर्ष के दौरान 243 (72+171) अनुरोध दाखिल किए गए तथा 51 अनुरोध वर्ष के अंत तक लंबित रहे।

**(छ) समनुदेशन [धारा 30 व 30(3) के तहत]:** वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 30 एवं 30(3) के तहत समनुदेशन हेतु 75 अनुरोध प्राप्त हुए। 33 मामलों का निपटारा किया गया। शेष 42 अनुरोध प्रक्रियागत हैं।

**(ज) समय विस्तार [नियम 15, फार्म-18, 29(9), 46 व 47 के तहत]:** साक्ष्यादि प्रस्तुत करने के लिए समय विस्तार हेतु 3263 अनुरोध प्राप्त हुए।

**(झ) डिजाइन रजिस्टर के परिशोधन [धारा 31 के तहत]:** वर्ष के दौरान धारा 31 के तहत डिजाइन रजिस्टर के परिशोधन हेतु 24 अनुरोध प्राप्त हुए जिसमें से 14 अनुरोधों का निपटान कर दिया गया। नियम 40 के तहत आवेदन की सूचना हेतु कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ। उसी तरह वर्ष के दौरान धारा 8(1) के तहत आवेदक या संयुक्त आवेदक के रूप में पहल करने हेतु 1 अनुरोध दाखिल किया गया जिनमें से सभी का निपटान कर दिया गया।

**(ञ) प्रभावी अभिकल्प:** वर्ष के अंत तक पंजीकृत लागू अभिकल्प की संख्या 38827 थी जिनमें से 29906 अभिकल्पों का पंजीकरण भारतीयों के नाम थे।

**5. राजस्व**

आलोच्य वर्ष के दौरान डिजाइन अधिनियम, 2000 व डिजाइन नियम, 2001 के तहत पेटेन्ट कार्यालय (कोलकाता, दिल्ली, मुम्बई व चेन्नई) ने अभिकल्प आवेदन एवं अन्य कार्यवाहियों के शुल्क के रूप में रू. **1,23,66,048**/- की आय अर्जित की। जिसमें से पेटेन्ट कार्यालय, कोलकाता ने रू. **67,61,848** (रू. सड़सठ लाख इकठस हजार आठ सौ अड़तालीस मात्र) का राजस्व अर्जित किया। इनके विवरण परिशिष्ट - "क" में प्रदत्त हैं।

विगत पाँच वर्षों में दाखिल एवं पंजीकृत आवेदन की प्रवृति परिशिष्ट -"ख" में तथा उद्गम के अनुसार परिशिष्ट- "ग" में दिखाए गए हैं।



परिशिष्ट- क

**वर्ष 2008-2009 के दौरान अभिकल्प मद में उत्पादित राजस्व**

| प्रलेखों का विवरण | संख्या | शुल्क (रू.) | राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| डिजाइन अधिनियम, 2000 की धारा 5 एवं 44 के तहत (दिल्ली, मुम्बई तथा चेन्नई पेटेन्ट कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों सहित) **3239** अभिकल्प के पंजीकरण हेतु | 6557 | 1000 | 65,57,000 |
| धारा 11(2) के तहत प्रतिलिप्यधिकार के विस्तार हेतु आवेदन | 649 | 2000 | 12,98,000 |
| धारा 12(2) के तहत परित्यक्त अभिकल्प का प्रत्यावर्तन | 16 | 1000 | 16,000 |
| धारा 19 के तहत अभिकल्प का निरस्तीकरण | 27 | 1500 | 40,500 |
| नियम 38 के तहत अभिकल्प की पंजी का निरीक्षण | 29 | 250 | 7,250 |
| अभिकल्प अधिनियम 2000 व अभिकल्प नियम, 2001 के तहत दिल्ली, मुम्बई तथा चेन्नई पेटेन्ट कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों सहित प्राप्त अन्यान्य दूसरे शुल्क। बृहत शुल्क पेटेन्ट कार्यालय कोलकाता में जमा किए गए। | | | 44,47,298 |
| **कुल योग:** | | | **1,23,66,048** |

परिशिष्ट- ख

**दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ति**

| वर्ष | दाखिल* | पंजीकृत |
|---|---|---|
| 2004-05 | 4017 | 3728 |
| 2005-06 | 4949 | 4175 |
| 2006-07 | 5521 | 4250 |
| 2007-08 | 6402 | 4928 |
| **2008-09** | **6557** | **4772** |

परिशिष्ट- ग

**उद्गम के अनुसार दाखिल एवं पंजीकृत आवेदनों की प्रवृत्ति**

| वर्ष | दाखिल* | | पंजीकृत | |
|---|---|---|---|---|
| | भारतीय | विदेशी | भारतीय | विदेशी |
| 2004-05 | 3093 | 924 | 3166 | 562 |
| 2005-06 | 3407 | 1542 | 3439 | 736 |
| 2006-07 | 3584 | 1937 | 2877 | 1373 |
| 2007-08 | 3873 | 2529 | 3026 | 1902 |
| **2008-09** | **4308** | **2249** | **2985** | **1787** |

## 1. भूमिका

यह अध्याय वर्ष 2008-09 के लिए व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 तथा उसके अधीन बने नियमों के तहत व्यापार चिह्न रजिस्ट्री द्वारा चलाई गई गतिविधियों के बारे में जानकारी 50 वे वार्षिक रिपोर्ट में प्रस्तुत करता है।

व्यापार चिह्न अधिनियम का उद्देश्य व्यापार चिह्न को बेहतर सुरक्षा प्रदान करना है और नकली व्यापार चिह्नों के उपयोग को रोकना है। व्यापार चिह्न का पंजीकरण पंजीकृत स्वत्वधारी को कतिपय सांविधिक अधिकार प्रदान करता है, जो उसे व्यापार चिह्न के अतिलंधन की स्थिति में वाद चलाने हेतु सक्षम बनाता है, चाहे ये व्यापार चिह्न प्रयोग में हो या नही। यह उन कॉमन लॉ अधिकारों के अतिरिक्त अधिकार है जहां पासिंग ऑफ के अंतर्गत मुकदमा चलाया जा सकता है। व्यापार चिह्न रजिस्ट्री व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 तथा उसके अधीन बने नियमों को प्रशासित करता है। यह अधिनियम तथा संबंधित नियम दिनांक 15 सितंबर 2003 से प्रभाव में है। इसका मुख्यालय मुंबई में है तथा इसकी शाखाएं दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और अहमदाबाद में स्थित है। सामान्यतया बौध्दिक संपदा अधिकार तथा विशेषकर व्यापार चिह्न के संबंध में बढती जागरुकता से व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की भूमिका तथा उत्तरदायित्व मे काफी बढोतरी हुई हैं। व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 के अधीन सेवाओं के व्यापार चिह्न सुविख्यात चिह्न, सामूहिक चिह्न तथा बहु वर्ग (मल्टी क्लास) आवेदनों इत्यादि को शामिल किए जाने से इस भूमिका में और बढोतरी होने वाली है। रजिस्ट्री भुकतान गेटवे के माध्यम से बेब आधारित सेवाये देने की प्रक्रिया में है जिसमें ई-फाईलिंग की सुविधा भी शामिल है।

इसके अतिरिक्त व्यापार चिह्न रजिस्ट्री पर व्यापार चिह्न से संबंधित वायपो की स्थायी समिति के विमर्श को विश्व स्तर पर अनुपालन करने की जिम्मेदारी भी हैं। साथ ही डोमेन नेम तथा इंटरनेशनल नॉन प्रोप्रायटरी नेम जैसे उभरते नए मुद्दों के लिए इनपुट प्रदान करना है। व्यापार चिह्न रजिस्ट्री समय-समय पर बौध्दिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में जागरुकता संबंधी गतिविधियों में भी भाग लेती है।

## 2. सन् 2008-09 के दौरान गतिविधियों का रुझान

सन् 2008-09 के दौरान व्यापार चिह्न रजिस्ट्री द्वारा की गई गतिविधियों संबंधी जानकारी निम्नलिखित टेबल में दी गई है। यह देखा गया है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पंजीकृत व्यापार चिह्नों की संख्या में बढोतरी हुई है। साथ ही आवेदनों को फाइल करने का रुझान यह दर्शाता है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भी आवेदनों के फाइल करने की संख्या में बढोतरी हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में 6658 आवेदनों की बढोतरी हुई है। फाइल किये गये, परीक्षित एवं पंजीकृत आवेदन संबंधी जानकारी परिशिष्ठ-I में दी गई है।

| क्रम संख्या | गतिविधियाँ | 2007-2008 | 2008-2009 |
|---|---|---|---|
| 1 | पंजीकरण के लिए फाइल किये गये आवेदन | 1,23,514 | 1,30,172 |
| 2 | व्यापार चिह्न पत्रिका में विज्ञापित आवेदनों की संख्या | 1,02,777 | 1,20,234 |
| 3 | पंजीकृत चिन्हों की संख्या | 1,00,857 | 1,02,257 |
| 4 | पंजीकरण के नवीकृत किए जानेवाले चिन्हों की संख्या | 20,174 | 29,749 |
| 5 | खोज के लिए अनुरोध | 1,12,119 | 1,70,490 |
| 6 | सुभिन्नता के बारे में प्रारंभिक सलाह के लिए अनुरोध | 68 | 40 |
| 7 | प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1983 की धारा 45(1) के तहत जारी प्रमाणपत्र | 1,890 | 3,187 |

### 3. व्यापार चिह्न आवेदनों का रुझान

आवेदनों का रुझान भारत में व्यापार चिह्नों के पंजीकरण में बढोतरी दर्शाता है। वर्ष 2008-09 में भारतीयों द्वारा फाइल किये गये आवेदनों की संख्या 1,19,371 थी, वहीं विदेशों से आनेवाले आवेदनों की संख्या 10,801 थी।

**2004-05 से 2008-09 के दौरान आवेदनों का रुझान**

| वर्ष | भारतीय आवेदक | विदेशी आवेदक | कुल |
|---|---|---|---|
| 2004-05 | 63,906 | 15,090 | 78,996 |
| 2005-06 | 73.308 | 12,361 | 85,669 |
| 2006-07 | 88,210 | 15,209 | 1,03,419 |
| 2007-08 | 1,17,014 | 6,500 | 1,23,514 |
| **2008-09** | **1,19,371** | **10,801** | **1,30,172** |

**व्यापार चिह्न आवेदनों का रुझान**




### 4. विभिन्न प्रकार के व्यापार चिह्न आवेदनों का रुझान

सन् 2008 -09 में विभिन्न प्रकार के व्यापार चिह्न आवेदनों के रुझान के बारे में जानकारी दी गई है। ऐसा देखा गया है कि कुल मिलाकर 79,059 अभिलक्षणा चिह्न वाले आवेदन फाइल किए गये जो कुल फाइलिंग के 61% हैं जबकि शब्द चिह्न वाले कुल 51,082 आवेदन फाइल किए गये जो कुल फाइलिंग के 39% हैं।

**फाइल किये गये विभिन्न प्रकार के व्यापार चिह्न आवेदनों के रुझान**

| वर्णन | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|
| शब्द चिह्न | 71,202 | 51,082 |
| अभिलक्षण चिह्न | 52,256 | 79,059 |
| अंक चिह्न | 20 | - |
| वर्ण चिह्न | 36 | 31 |
| वर्ण एवं अंक चिह्न | - | - |
| **कुल** | **1,23,514** | **1,30,172** |

## 5. वर्गानुसार फाइल किये गये आवेदनों का रुझान

सन् 2008 -09 में वर्गानुसार फाइल किये गये आवेदनों के रुझान के बारे में जानकारी दी गई है। पिछले वर्षों की भॉति, व्यापार चिन्हों के पंजीकरण के लिए सबसे ज्यादा आवेदन वर्ग 5 के अंतर्गत की वस्तुओं (भैषजीय, पशु चिकित्सीय तथा सफाई संबंधी पदार्थ आदि) के लिए प्राप्त हुए है।

| वर्ग | वस्तुएं | फाइल किये गये आवेदन | कुल फाइल आवेदनों का % |
|---|---|---|---|
| 1 | उद्योग, विज्ञान, फोटोग्राफी, कृषि, उद्यान-कृषि, वानिकी, खाद | 2189 | 1.68 |
| 2 | पेंट, वार्निश, | 992 | 0.76 |
| 3 | सुगंधित पदार्थ, अंगराग | 4419 | 3.39 |
| 4 | औद्योगिक तेल और चिकनाइयॉं(खाद्य तेल के अलावा) आदि | 661 | 0.51 |
| 5 | भेषजीय, शालिहोत्रिक और सफाई(शौच) संबंधी निर्मितियॉं और पदार्थ आदि | 20984 | 16.12 |
| 6 | सामान्य धातुएं और उनके मिश्र धातु, धात्विक ढली सामग्री,ढली भवन (निर्माण) सामग्रियॉं आदि | 2145 | 1.65 |
| 7 | मशीन और मशीनी औजार, मोटरें, आदि | 3517 | 2.70 |
| 8 | हाथ से काम करने के औजार और उपकरण आदि | 660 | 0.51 |
| 9 | वैज्ञानिक, नाविक, सर्वे, वैद्युत उपकरण आदि | 7347 | 5.64 |
| 10 | शाल्यिक, औषधीय, दंत, और शालिहोत्रिक आले और यंत्र आदि | 1359 | 1.04 |
| 11 | प्रकाशन साधित्र, तापक वाष्पजनक आदि | 2939 | 2.26 |
| 12 | यान, भूमिपर, व्योम में, अथवा जल पर चलने के लिए यंत्र आदि | 2002 | 1.54 |
| 13 | अग्न्यास्त्र, गोला बारुद और क्षेपित्र आदि | 236 | 0.18 |
| 14 | बहुमूल्य वस्तुए और उनका मिश्र धातु आदि | 1545 | 1.19 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | संगीत के उपकरण आदि | 232 | 0.18 |
| 16 | काग़ज और कागज की वस्तुएं, लेखन सामग्री, छपी सामग्री आदि | 4970 | 3.82 |
| 17 | गट्टा पर्चा, भारतीय रबर आदि | 1353 | 1.04 |
| 18 | चमडे और कृत्रिक चमडे से बनी वस्तुए आदि | 1005 | 0.77 |
| 19 | भवन निर्माण सामग्रियां आदि | 2410 | 1.85 |
| 20 | फर्नीचर, आईने आदि | 1409 | 1.08 |
| 21 | छोटे घरेलू बर्तन आदि | 1360 | 1.04 |
| 22 | रस्से, सुतली आदि | 336 | 0.26 |
| 23 | सूत और धागे | 404 | 0.31 |
| 24 | टिशू (खंडित वस्त्र) आदि | 2059 | 1.58 |
| 25 | बूट, जुते और स्लीपर सहित पहनने की वस्तुएं | 6190 | 4.76 |
| 26 | गोटा और कसीदा, फीता और चोटी आदि | 510 | 0.39 |
| 27 | गलीचे, लोई, चटाइयां आदि | 324 | 0.25 |
| 28 | खेल और खेलने की चीजे आदि | 949 | 0.73 |
| 29 | मांस मछली मुर्गी पालन आदि | 2862 | 2.20 |
| 30 | काफी, चाय, कोका आदि | 6282 | 4.83 |
| 31 | कृषि, बागवानी और वन्य उत्पाद और अनाज जो अन्य वर्गों में अंतर्गत नहीं है | 2310 | 1.77 |
| 32 | बीयर, खनिज और वाति पेय और अन्य अमद्यसारिक पेय जो अन्य वर्गो के अंतर्गत नहीं है | 2403 | 1.85 |
| 33 | वाइन स्प्रिट और मद्य पेय | 1121 | 0.86 |
| 34 | तम्बाकू, धुम्रपान करनेवालों के लिए चीजे, दियासलाइयॉ | 1560 | 1.20 |
| 35 | विज्ञापन, कारोबार प्रबन्ध, कारोबार प्रशासन, कार्यालय कृत्य | 7755 | 5.96 |
| 36 | बीमा वित्तीय कार्य, आर्थिक कार्य, संपदा कार्य | 2743 | 2.11 |
| 37 | भवन निर्माण, मरम्मत, संस्थापन सेवाये | 2360 | 1.81 |
| 38 | दूरसंचार | 1958 | 1.50 |
| 39 | यातायात, माल की पैकिंग और भंडारण, यात्रा इंतजाम | 1541 | 1.18 |
| 40 | सामग्री का बहिस्त्राव | 554 | 0.43 |
| 41 | शिक्षा, प्रशिक्षण देना, मनोरंजन, क्रीडा और सांस्कृतिक क्रियाकलाप | 7022 | 5.39 |
| 42 | खाद्य और पेय, अस्थायी वास, चिकित्सा, स्वच्छता और सौंदर्य देखभाल, पशुचिकित्सा और कृषि सेवाये, विधिक सेवाये, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सेवाये देना जो अन्य वर्गों में सम्मिलित नहीं है | 9029 | 6.94 |
| | बहु वर्ग (मल्टी क्लास) | 6166 | 4.74 |
| | कुल | 130172 | 100 |

## 6. शाखानुसार फाइल किये गये आवेदनों का रुझान

वर्ष के दौरान व्यापार चिह्न रजिस्ट्री दिल्ली में अधिकतम फाइल किये गये आवेदनों की संख्या (48,987) है जबकि यह मुंबई में (39,808), चेन्नई में (22,681), अहमदाबाद में (10,445), एवं कोलकाता में (8,251) है।




## 7. व्यापार चिह्न का पंजीकरण एवं अन्य गतिविधियाँ

वर्ष 2008-09 में 1,02,257 व्यापार चिह्न पंजीकृत किये गये जबकि पिछले वर्ष 1,00,857 पंजीकृत किये गये थे। दिनांक 31 मार्च 2009 को पंजीकृत व्यापार चिह्नों की कुल संख्या 7,55,335 है। पिछले पॉंच वर्षों में पंजीकृत व्यापार चिह्नों संबंधी विवरण परिशिष्ट IV में दिया गया है।

इस वर्ष नवीकृत किये गये पंजीकृत व्यापार चिह्नों की संख्या 29,749 थी। वर्ष 2008-09 में व्यवसायी-साख तथा बिना साख वाले व्यापार चिह्नों के 7,321 समनुदेशन प्राप्त हुए। इनमें से रजिस्टर में की गई अन्य प्रविष्टियॉं जैसे, नाम, व्यापार के पते आदि में परिवर्तन की संख्या 5321 थी।

इसके अतिरिक्त, कानूनी कार्यवाहियों में उपयोग के लिए या विदेशों में पंजीकरण हेतु 4,926 प्रमाणपत्र जारी किये गए। वर्ष के दौरान प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम 1957 की धारा 45(1) के तहत (जो 1983 के अधिनियम संख्या 23 द्वारा संशोधित किए गए है) 3,187 प्रमाणपत्र प्रतिलिप्यधिकार के रुप में कलात्मक कार्य के पंजीकरण हेतु जारी किये गये है।

वर्ष के दौरान व्यापार चिह्न रजिस्ट्री में चिह्न की तलाशी के लिए 1,70,490 अनुरोध प्राप्त हुए। सभी 1,70,490 आवेदनों का निपटान कर दिया गया। अधिनियम की धारा 133(1) तथा नियम 23 के अधीन पंजीकार की प्रारंभिक सलाह के लिए इस वर्ष 40 अनुरोध प्राप्त हुए। ऐसे सभी 40 आवेदनों का निपटान किया गया।

गत् वर्ष के 1,02,777 विज्ञापनों की तुलना में व्यापार चिह्न पत्रिका में 1,20,234 आवेदन पंजीकरण के लिए विज्ञापित हुए। पिछले 5 वर्षों में व्यापार चिह्न पत्रिका में विज्ञापित व्यापार चिन्हों का रुझान परिशिष्ट-II में दर्शाया गया है।

अधिनियम और नियम के उपबंधों के अधीन रजिस्ट्री ने प्रारंभिक विरोध और परिशोधन जैसी विधिक कार्यवाहियां की। पंजीकरण के विरुध्द 20,299 विरोध की सूचना तथा रजिस्टर के परिशोधन के लिए 388 आवेदन फाइल हुए। इनमें से 5709 विरोध की सूचना तथा रजिस्टर के परिशोधन के लिए 388 आवेदन फाइल हुए। इनमें से 5709 विरोध की सूचना तथा रजिस्टर के परिशोधन के लिए 132 आवेदन रजिस्ट्री के मुख्य कार्यालय मुंबई में प्राप्त हुए और शेष कोलकाता, चेन्नई, नई दिल्ली और अहमदाबाद शाखा कार्यालयों में प्राप्त हुए।

इस वर्ष विरोध, परिशोधनों और अंतवर्ती याचिकाओं के संबंध में 9175 सुनवाइयाँ रखी गई तथा व्यापार चिह्नों के पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदनों के संबंध में 47,007 सुनवाइयाँ रखी गई। इनमें से सुनवाई के उपरांत 4703 विरोध, परिशोधनों और अंतवर्ती याचिकाओं और व्यापार चिन्हों के पंजीकरण के लिए किये गये 36,266 आवेदनों का अंतिम रुप से फैसला हो गया। व्यापार चिह्न रजिस्ट्री मुंबई और उसकी कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद और दिल्ली की शाखाओं में रखी गई सुनवाईयों का ब्यौरा परिशिष्ट-III में दिया गया है।

पंजीकार तथा अन्य सुनवाई अधिकारियों के आदेश के खिलाफ 192 अपीलें दाखिल की गई। इनमें से 24 का निपटान किया गया। व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 के प्रभाव में आने के पश्चात पंजीकार तथा अन्य सुनवाई अधिकारियों के आदेश तथा निर्णय के खिलाफ चेन्नई स्थित बौध्दिक संपदा अपीलीय बोर्ड में अपील किया जाता है।

व्यापार चिह्नों को झुठे रुप से पंजीकृत बताने के संबंध में धारा 107 के अधीन प्राप्त परिवादों की संख्या रिपोर्ट के वर्ष में 17 थी। इनमें से 5 का निपटान किया गया जा चुका है।

वर्ष के दौरान सूचना के अधिकार के तहत 1316 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 1307 का निपटान किया गया।

## 8. वर्गानुसार पंजीकृत किए गये व्यापार चिह्नों का विवरण

| वर्ग | वस्तुएं | पंजीकृत व्यापार चिह्न | कुल फाइल आवेदनों का % |
|---|---|---|---|
| 1 | उद्योग, विज्ञान, फोटोग्राफी, कृषि, उद्यान-कृषि, वानिकी, खाद | 1683 | 1.65 |
| 2 | पेंट, वार्निश, | 900 | 0.88 |
| 3 | सुगंधित पदार्थ, अंगराग | 3351 | 3.28 |
| 4 | औद्योगिक तेल और चिकनाइयॉ(खाद्य तेल के अलावा) आदि | 629 | 0.62 |
| 5 | भेषजीय, शालिहोत्रिक और सफाई(शौच) संबंधी निर्मितियॉं और पदार्थ आदि | 11313 | 11.06 |
| 6 | सामान्य धातुएं और उनके मिश्र धातु, धात्विक ढली सामग्री,ढली भवन (निर्माण) सामग्रियॉं आदि | 1492 | 1.46 |
| 7 | मशीन और मशीनी औजार, मोटरें, आदि | 2812 | 2.75 |
| 8 | हाथ से काम करने के औजार और उपकरण आदि | 584 | 0.57 |
| 9 | वैज्ञानिक, नाविक, सर्वे, वैद्युत उपकरण आदि | 6171 | 6.03 |
| 10 | शाल्यिक, औषधीय, दंत, और शालिहोत्रिक आले और यंत्र आदि | 970 | 0.95 |
| 11 | प्रकाशन साधित्र, तापक वाष्पजनक आदि | 1945 | 1.90 |
| 12 | यान, भूमिपर, व्योम में, अथवा जल पर चलने के लिए यंत्र आदि | 1720 | 1.68 |
| 13 | अग्न्यास्त्र, गोला बारुद और क्षेपित्र आदि | 230 | 0.22 |
| 14 | बहुमूल्य वस्तुए और उनका मिश्र धातु आदि | 1175 | 1.15 |
| 15 | संगीत के उपकरण आदि | 239 | 0.23 |
| 16 | काग़ज और कागज की वस्तुएं, लेखन सामग्री, छपी सामग्री | 4708 | 4.60 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | आदि | | |
| 17 | गट्टा पर्चा, भारतीय रबर आदि | 1163 | 1.14 |
| 18 | चमडे और कृत्रिक चमडे से बनी वस्तुए आदि | 786 | 0.77 |
| 19 | भवन निर्माण सामग्रियां आदि | 1650 | 1.61 |
| 20 | फर्नीचर, आईने आदि | 1000 | 0.98 |
| 21 | छोटे घरेलू बर्तन आदि | 997 | 0.97 |
| 22 | रस्से, सुतली आदि | 361 | 0.35 |
| 23 | सूत और धागे | 410 | 0.40 |
| 24 | टिशू (खंडित वस्त्र) आदि | 1702 | 1.66 |
| 25 | बूट, जुते और स्लीपर सहित पहनने की वस्तुएं | 4124 | 4.03 |
| 26 | गोटा और कसीदा, फीता और चोटी आदि | 497 | 0.49 |
| 27 | गलीचे, लोई, चटाइयां आदि | 350 | 0.34 |
| 28 | खेल और खेलने की चीजे आदि | 692 | 0.68 |
| 29 | मांस मछली मुर्गी पालन आदि | 1952 | 1.91 |
| 30 | काफी, चाय, कोका आदि | 4377 | 4.28 |
| 31 | कृषि, बागवानी और वन्य उत्पाद और अनाज जो अन्य वर्गो में अंतर्गत नहीं है | 1607 | 1.57 |
| 32 | बीयर, खनिज और वाति पेय और अन्य अमद्यसारिक पेय जो अन्य वर्गो के अंतर्गत नहीं है | 1362 | 1.33 |
| 33 | वाइन स्प्रिट और मद्य पेय | 914 | 0.89 |
| 34 | तम्बाकू, धुम्रपान करनेवालों के लिए चीजे, दियासलाइयॉं | 1245 | 1.22 |
| 35 | विज्ञापन, कारोबार प्रबन्ध, कारोबार प्रशासन, कार्यालय कृत्य | 4206 | 4.11 |
| 36 | बीमा वित्तीय कार्य, आर्थिक कार्य, संपदा कार्य | 1653 | 1.62 |
| 37 | भवन निर्माण, मरम्मत, संस्थापन सेवाये | 1565 | 1.53 |
| 38 | दूरसंचार | 1186 | 1.16 |
| 39 | यातायात, माल की पैकिंग और भंडारण, यात्रा इंतजाम | 1071 | 1.05 |
| 40 | सामग्री का बहिस्त्राव | 415 | 0.41 |
| 41 | शिक्षा, प्रशिक्षण देना, मनोरंजन, क्रीडा और सांस्कृतिक क्रियाकलाप | 3334 | 3.26 |
| 42 | खाद्य और पेय, अस्थायी वास, चिकित्सा, स्वच्छता और सौंदर्य देखभाल, पशुचिकित्सा और कृषि सेवाये, विधिक सेवाये, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सेवाये देना जो अन्य वर्गो में सम्मिलित नहीं है | 5711 | 5.58 |
| | बहु वर्ग (मल्टी क्लास) | 18005 | 17.61 |
| | कुल | 102257 | 100 |

## 9. राजस्व और व्यय

वर्ष 2008-09 में व्यापार चिह्न रजिस्ट्री को रु. 69,15,02,297/- की आय हुई जबकि पिछले वर्ष रु. 63,00,36,633/- की आय हुई थी। इस वर्ष रु. 8,91,46,467/- खर्च हुए जबकि पिछले वर्ष रु. 5,57,57,004/- खर्च हुए थे।

| क्रम संख्या | वर्ष | राजस्व (रुपये करोड़ में) | व्यय रुपये (रुपये करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2004-05 | 37.95 | 4.58 |
| 2 | 2005-06 | 49.75 | 4.83 |
| 3 | 2006-07 | 55.79 | 5.00 |
| 4 | 2007-08 | 63.00 | 5.58 |
| 5 | 2008-09 | 69.15 | 8.91 |




## 10. व्यापार चिह्न अधिनियम 1999 की प्रमुख विशेषताएं

- व्यापार चिह्न की व्याख्या में सेवाओं को शामिल करना
- सामूहिक चिह्न के पंजीकरण का प्रावधान
- भाग क और ख के स्थान पर व्यापार चिह्न के एकल पंजी की स्थापना
- एक वर्ग से अधिक में वस्तुओं और/या सेवाओं के पंजीकरण के लिए एक ही आवेदन का प्रबंध
- व्यापार चिह्न के प्रारंभिक पंजीकरण की अवधि सात वर्ष से बढाकर दस वर्ष की गई है।
- नवीकरण शुल्क जमा करने की रियायती अवधि छः माह बढाने की व्यवस्था।
- पंजीकरण की वैद्यता को चुनौती देने के लिए परिस्थितियों में वृद्धि।
- पंजीकार को कपितय आवेदनों का निपटान करने का प्रत्यायोजित अधिकार।
- व्यापार चिह्न नियम के दंड में प्रावधानों को कॉपीराईट के दंड प्रावधानों के साथ सुसंगत करना।
- अपीलीय बोर्ड की स्थापना का प्रावधान।

**परिशिष्ट- I**

**पिछले पाँच वर्षों में व्यापार चिह्न आवेदनों की प्रवृति**

| | 2003-04 | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फाइल किये गये | 92251 | 78996 | 85699 | 103419 | 123514 | 130172 |
| परीक्षित | 89958 | 72091 | 77500 | 85185 | 63605 | 105219 |
| पंजीकृत | 39762 | 45015 | 184325 | 109361 | 100857 | 102257 |




**परिशिष्ट-II**

**पिछले पाँच वर्षों में विज्ञापित व्यापार चिह्नों की संख्या**

| क्रम संख्या | वर्ष | विज्ञापित व्यापार चिह्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 2008-2009 | 120234 |
| 2 | 2007-2008 | 102777 |
| 3. | 2006-2007 | 104260 |
| 4. | 2005-2006 | 158665 |
| 5. | 2004-2005 | 147490 |
| | **कुल** | 633426 |

पिछले पाँच वर्षों के दौरान विज्ञापित व्यापार चिह्न का ग्राफिय प्रदर्शन




परिशिष्ट-III

1 अप्रैल 2008 से 31 मार्च 2009 तक व्यापार चिह्न के विभिन्न कार्यालयों में रखी गई सुनवाई संबंधी विवरण

| क्रम संख्या | सुनवाई का स्थान | दाखिल विरोध/परिशोधन/ अंतर्वर्ती याचिका | दाखिल विरोध/परिशोधन/अंतर्वर्ती याचिका की सुनवाई | आवेदन सुनवाई |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुंबई | 5988 | 1294 | 7300 |
| 2 | कोलकाता | 1654 | 5288 | 6420 |
| 3 | चेन्नई | 5213 | 774 | 20478 |
| 4 | दिल्ली | 6527 | 1168 | 9565 |
| 5 | अहमदाबाद | 2024 | 651 | 3244 |
| | कुल | 21406 | 9175 | 47007 |

## पिछले पांच वर्षों में पंजीकृत व्यापार चिह्नों की संख्या

| क्रम संख्या | वर्ष | पंजीकृत व्यापार चिह्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2004-2005 | 45015 |
| 2 | 2005-2006 | 184325 |
| 3 | 2006-2007 | 109361 |
| 4 | 2007-2008 | 100857 |
| 5 | 2008-2009 | 102257 |
| | कुल | 541815 |

### पिछले पॉच वर्षों के दौरान पंजीकृत व्यापार चिह्न का ग्राफिय प्रदर्शन



## अध्याय VI

## भौगोलिक संकेत

**1. परिचय**

चेन्नई स्थित भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री वस्तुओं के भौगोलिक उपदर्शन (रजिस्ट्रीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 तथा उसके अधीन बने नियमों को प्रशासित करता है तथा दिनांक 15 सितम्बर 2003 से प्रभाव में है।

2. भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री का विवरण

भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री में पंजीकरण हेतु दिनांक 15 सितम्बर 2003 से, आवेदन प्राप्त हो रहें है एवं दिनांक 31 मार्च 2009 तक कुल 165 आवेदन प्राप्त हुए है। (परिशिष्ट I)

वर्ष के दौरान कुल 45 पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किये गये एवं 31 मार्च 2009 तक कुल 106 भौगोलिक संकेत पंजीकृत किये गये है। पंजीकृत भौगोलिक संकेत (उत्पाद) की सूची जिसमें दार्जिलिंग चाय, पोचमपल्ली इकत, चंदेरी साडी, कोटा डोरिया, कांचीपुरम सिल्क, मैसुर अगरबत्ती, मैसुर सिल्क, मदुराई सनगुडी, कुल्लू शॉल, घारवाड पेढा, असम चाय, निलगिरी चाय, कानी शॉल, कश्मीर पश्मिना, कश्मीर सोजानी क्राफ्ट आदि शामिल है। (परिशिष्ट - II)

रजिस्ट्री ने देश में भारतीय भौगोलिक संकेत के पंजीकरणार्थ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु पहल की है। चाय, कॉफी, चावल, मसाले, तम्बाकू, उद्यानविद्या उत्पाद, हथकरघा उत्पाद, हस्तकला, वान, प्रक्रियाकृत खाद्य वस्तुए और स्प्रिट तथा वाईन क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया है। दिनांक 31 मार्च 2009 तक 21 सेन्सेटाइजेशन सेमिनार/कार्यशालाये आयोजित की गई। जिनमें से 11 रजिस्ट्री ने स्वतः एवं 10 बाह्य एजन्सीयों की मदद से आयोजित की है। बाह्य एजन्सीयों द्वारा आयोजित सेमिनार/कार्यशालाओं में रजिस्ट्री के व्याख्याताओं ने भाग लिया (परिशिष्ट III)

भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री का जर्नल कार्यालय में प्रकाशित किया गया है। इस वर्ष कुल 5 अंक (एक अतिरिक्त अंक सहित) प्रकाशित किये गये है। जिनमें कुल 26 आवेदन विज्ञापित किये जा चुके है।

सन 2008-09 के दौरान भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री के आय तथा व्यय संबंधी विवरण परिशिष्ट IV में दर्शाया गया है।

**परिशिष्ट I**

**31 मार्च 2009 तक फाइल किये गये भौगोलिक संकेत आवेदनों का विवरण**

| आवेदन संख्या | भौगोलिक संकेत | फाइल करने की तारीख | वर्ग | वस्तुएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दार्जिलिंग चाय(शब्द) | 27/10/2003 | 30 | कृषि |
| 2 | दार्जिलिंग चाय(लोगो) | 27/10/2003 | 30 | कृषि |
| 3 | अरनमुला कन्नडी | 08/12/2003 | 20 | हस्तकला |
| 4 | पोचमपल्ली इकट | 15/12/2003 | 24,25 और 27 | हस्तकला |
| 5 | सेलम वस्त्र | 12/2/2004 | 24 | हस्तकला |
| 6 | पायन्नुर पविथ्र रिंग | 23/2/2004 | 14 | हस्तकला |
| 7 | चंदेरी वस्त्र | 02/4/2004 | 24 | हस्तकला |
| 8 | सोलापुर चादर | 05/4/2004 | 24 | हस्तकला |
| 9 | सोलापुर टेरी टॉवेल | 20/5/2004 | 24 | हस्तकला |
| 10 | कोटपड हथकरधा वस्त्र | 10/6/2004 | 24 | हस्तकला |
| 11 | मैसुर सिल्क | 22/7/2004 | 24, 25 और 26 | हस्तकला |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | कोटा डोरीया | 22/7/2004 | 24, और 25 | हस्तकला |
| 13 और<br>18 | मैसुर अगरबत्ती और<br>मैसुर अगरबत्ती(लोगो) | 11/8/2004<br>25/11/2004 | 3 | विनिर्मित |
| 14 | बासमती चावल | 19/8/2004 | 30 | कृषि |
| 15 | कांचीपुरम सिल्क | 07/10/2004 | 24, और 25 | हस्तकला |
| 16 | भवानी जमाक्कलम | 25/10/2004 | 24 | हस्तकला |
| 17 | नवरा चावल | 25/11/2004 | 30 | कृषि |
| 19 | कुल्लू शॉल | 10/12/2004 | 24 | हस्तकला |
| 20 | बिद्रीवेअर | 24/1/2005 | 6 | हस्तकला |
| 21 | मदुराई सनगुडी | 24/1/2005 | 24, और 25 | हस्तकला |
| 22 | ओरिसा इकट | 01/02/2005 | 23, 24 और 25 | हस्तकला |
| 23 | चेन्नपट्टण खेल और गुडीया | 07/02/2005 | 28 | हस्तकला |
| 24 | मैसुर रोजवुड इनले | 07/02/2005 | 19, 20, 27,28 | हस्तकला |
| 25 | कांगरा चाय | 11/2/2005 | 30 | कृषि |
| 26 | कोयंबतुर वेट ग्रेंडर | 14/3/2005 | 7 | विनिर्मित |
| 27 | फुलकरी | 14/3/2005 | 26 | हस्तकला |
| 28 | श्रीकलाहस्ती कलामकरी | 16/3/2005 | 24, 25 और 27 | हस्तकला |
| 29 | मैसुर चंदन तेल | 18/3/2005 | 3 | विनिर्मित |
| 30 | मैसुर चंदन साबुन | 18/3/2005 | 3 | विनिर्मित |
| 31 | कासुटी कशीदाकारी | 31/3/2005 | 26 | हस्तकला |
| 32 | मैसुर पारंपरिक पेंटिंग | 31/3/2005 | 16 | हस्तकला |
| 33 | कुर्ग ओरेंज | 31/3/2005 | 31 | कृषि |
| 34 | मैसुर पान | 31/3/2005 | 31 | कृषि |
| 35 | नंजनागुड केला | 31/3/2005 | 31 | कृषि |
| 36 | पलक्कदन मट्टा चावल | 18/4/2005 | 30 | कृषि |
| 37 | मधुबनी पेंटिंग | 22/8/2005 | 16 | कृषि |
| 38 | जामनगर पेट्रोल | 15/9/2005 | 4 | हस्तकला |
| 39 | जामनगर ईंधन | 15/9/2005 | 4 | प्राकृतिक |
| 40 | कृष्णा गोदावरी गैस | 15/9/2005 | 4 | प्राकृतिक |
| 41 | जामनगर एल. पी. जी. | 15/9/2005 | 4 | प्राकृतिक |
| 42 | जामनगर डीजल | 15/9/2005 | 4 | प्राकृतिक |
| 43 | पिस्को(कन्व्हेन्शन आवेदन) | 29/9/2005 | 33 | खाद्य पदार्थ |
| 44 | कोंडापल्ली बोम्मालु | 10/11/2005 | 16,20 | हस्तकला |
| 45 | पोद्दार डाइमण्ड | 28/11/2005 | 14 | हस्तकला |
| 46 | कश्मीर पश्मिना | 09/12/2005 | 24 | हस्तकला |
| 47 | थंजावर पेंटिंग | 04/01/2006 | 16 | हस्तकला |
| 48 | कश्मीर सोजानी क्राफ्ट | 19/01/2006 | 26 | हस्तकला |
| 49 और 56 | मलाबार गोल मिर्च | 13/02/2006<br>20/07/2006 | 30 | कृषि |
| 50 | अलाहबाद सुरका | 13/02/2006 | 31 | कृषि |
| 51 | कानी शॉल | 13/02/2006 | 25 | हस्तकला |
| 52 | नक्शी कांथा | 07/04/2006 | 19,20 और 24 | हस्तकला |
| 53 | सिल्वर फिलिग्री ऑफ करिमनगर | 28/04/2006 | 6,8,14,18,20,26,28 | हस्तकला |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 54 | एलिपी कोयर | 03/07/2006 | 27 | हस्तकला |
| 55 | मुगा सिल्क | 20/07/2006 | 26 | हस्तकला |
| 57 | कोकोनट शेल क्राफ्ट ऑफ केरल | 26/07/2006 | 20 | हस्तकला |
| 58 | स्क्रू पाइन क्राफ्ट ऑफ केरल | 26/07/2006 | 27 | हस्तकला |
| 59 | मडालम ऑफ पलाक्कड (केरल) | 26/07/2006 | 15 | हस्तकला |
| 60 | गंजिफा कार्डस् ऑफ मैसुर | 26/07/2006 | 16 | हस्तकला |
| 61 | नवलगुंड दुरिज | 26/07/2006 | 24 | हस्तकला |
| 62 | कर्नाटक ब्रॉन्जवेअर | 26/07/2006 | 6 | हस्तकला |
| 63 | तंजावर आर्ट प्लेट | 26/07/2006 | 14 | हस्तकला |
| 64 | स्वामीमलाई ब्रॉन्ज आईकॉन्स | 26/07/2006 | 6 | हस्तकला |
| 65 | टेंपल ज्वेलरी ऑफ नागरकॉइल | 26/07/2006 | 14 | हस्तकला |
| 66 | ब्लू पोटरी ऑफ जयपुर | 14/08/2006 | 21 | हस्तकला |
| 67 | मॉलेला मृदा पुतले | 31/08/2006 | 21 | हस्तकला |
| 68 | राजस्थान की कथपुतलियां | 31/08/2006 | 28 | हस्तकला |
| 69 | मैसुर मेलिग | 24/07/2006 | 31 | कृषि |
| 70 | उडपि मेलिग | 24/07/2006 | 31 | कृषि |
| 71 | हदागली मेलिग | 24/07/2006 | 31 | कृषि |
| 72 | एलपि ग्रीन इलायची | 14/09/2006 | 30 | कृषि |
| 73 | एप्लिक-खटवा पॅच वर्क ऑफ बिहार | 21/09/2006 | 26,24 | हस्तकला |
| 74 | बिहार की सुजीनी कशीदाकारी | 21/09/2006 | 24 और 26 | हस्तकला |
| 75 | बिहार का सिक्की ग्लास वर्क | 21/09/2006 | 20 | हस्तकला |
| 76 | इल्कल साड़ियाँ | 16/10/2006 | 24 | हस्तकला |
| 77 | मोलाकलमुरु साड़ियाँ | 16/10/2006 | 24 | हस्तकला |
| 78 | कुर्ग की हरी इलायची | 27/12/2006 | 30 | कृषि |
| 79 | चंबा रुमाल | 22/01/2007 | 24 | हस्तकला |
| 80 | धारवाड पेठा | 24/01/2007 | 29 | खाद्य पदार्थ |
| 81 | पोक्कली चावल | 29/01/2007 | 30 | कृषि |
| 82 | बस्तर के लौहकलायें | 12/03/2007 | 6 और 21 | हस्तकला |
| 83 | बस्तर ढोकरा | 12/03/2007 | 6 और 21 | हस्तकला |
| 84 | बस्तर के काष्ठकलायें | 12/03/2007 | 20 | हस्तकला |
| 85 | मोनसून्द मलाबार अरेबिका कॉफी | 05/04/2007 | 30 | कृषि |
| 86 और 108 | पिपली अप्लिक वर्क्स | 09/04/2007 22/08/2007 | 24 | हस्तकला |
| 87 | कोणार्क स्टोन कार्विंग | 09/4/2007 | 19 | हस्तकला |
| 88 | ओरिसा पट्टचित्र | 09/4/2007 | 24 और 16 | हस्तकला |
| 89 | बुदित्ती बेल एण्ड ब्रास क्राफ्ट | 16/4/2007 | 06 | हस्तकला |
| 90 | मछलीपट्टनम कलामकरी | 16/4/2007 | 24,25 और 27 | हस्तकला |
| 91 | निर्मल खेल और खिलौने | 16/4/2007 | 20, 28 | हस्तकला |
| 92 | अरानी सिल्क | 25/4/2007 | 24,25 | हस्तकला |
| 93 | कोवई कोरा सूती साडियां | 25/4/2007 | 24,25 | हस्तकला |
| 94 | सलेम सिल्क | 16/5/2007 | 24,25 | हस्तकला |
| 95 | ई. आई लेदर | 18/5/2007 | 18 | विनिर्मित |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 96 | थंजावर गुडीयां | 18/5/2007 | 28 | हस्तकला |
| 97 | इंदौर के चर्म खिलौने | 13/6/2007 | 18 | हस्तकला |
| 98 | मध्य प्रदेश के बाध पेन्टस् | 13/6/2007 | 24 | हस्तकला |
| 99 | बनारस ब्रोकेडस् एण्ड सारिज | 04/7/2007 | 23,24,25 और 26 | हस्तकला |
| 100 | संखेडा फर्नीचर | 05/07/2007 | 20 | हस्तकला |
| 101 | अगेटस् ऑफ कॅम्बे | 05/07/2007 | 14 | हस्तकला |
| 102 | बेल मेटल वेअर ऑफ दातीया एण्ड तिकमगढ | 05/07/2007 | 06 | हस्तकला |
| 103 | कच्छ की कशीदाकारी | 11/7/2007 | 26 और 24 | हस्तकला |
| 104 | शांतिनिकेतन चर्म वस्तुए | 12/7/2007 | 18 | हस्तकला |
| 105 | निर्मल फर्नीचर | 01/8/2007 | 20 | हस्तकला |
| 106 | निर्मल पेंटिंग्स | 01/8/2007 | 16 और 20 | हस्तकला |
| 107 | आंध्र प्रदेश लेदर पपेट्री | 01/8/2007 | 18, 27 और 28 | हस्तकला |
| 109 | नागा मिर्च | 22/8/2007 | 31 | कृषि |
| 110 | ईथोमोजी टॉल कोकोनट | 07/9/2007 | 31 | कृषि |
| 111 | लक्ष्मण भोग आम | 19/9/2007 | 31 | कृषि |
| 112 | खीरसापाटी (हिमसागर) आम | 19/9/2007 | 31 | कृषि |
| 113 | मालदा जिले में उत्पन्न फजली आम | 01/10/2007 | 31 | कृषि |
| 114 | मोनसुन मलाबार रोबस्टा कॉफी | 12/10/2007 | 30 | कृषि |
| 115 और 118 | आसाम (ऑर्थोडॉक्स) लोगो | 19/11/2007<br>22/11/2007 | 30 | कृषि |
| 116 और 117 | निलगिरी (ऑर्थोडॉक्स) लोगो | 19/11/2007<br>22/11/2007 | 30 | कृषि |
| 119 | लखनऊ चिकन क्राफ्टस् | 07/12/2007 | 26 | ह्स्तकला |
| 120 | फेनी | 19/12/2007 | 33 | विनिर्मित |
| 121 | तिरुपति लड्डू | 31/3/2008 | 30 | खाद्य पदार्थ |
| 122 | उप्पडा जमदानी साडियां | 10/4/2008 | 24 और 25 | हस्तकला |
| 123 | डिंडोरी वाईन | 22/4/2008 | 33 | विनिर्मित |
| 124 | विरुपक्षी हिल बनाना(केला) | 12/5/2008 | 31 | कृषि |
| 125 | मलिहबादी दशेरी आम | 15/5/2008 | 31 | कृषि |
| 126 | सिरुमलाई हिल बनाना(केला) | 22/5/2008 | 31 | कृषि |
| 127 | तंगालिया शॉल | 09/6/2008 | 24, 25 और 27 | हस्तकला |
| 128 | पुणेरी पगडी | 10/6/2008 | 25 | हस्तकला |
| 129 | बायदगी मिर्ची | 01/8/2008 | 30 | कृषि |
| 130 | वझाक्कुलम पाईनएपल | 27/8/2008 | 31 | कृषि |
| 131 | देवनहली पोमेलो | 04/9/2008 | 31 | कृषि |
| 132 | अपिमिडी आम | 04/9/2008 | 31 | कृषि |
| 133 | कमलापुर रेड बनाना(केला) | 04/9/2008 | 31 | कृषि |
| 134 | संदूर लंबानी कशिदाकारी | 09/9/2008 | 26 | हस्तकला |
| 135 | तोडा कशिदाकारी | 11/9/2008 | 24, 25 और 26 | हस्तकला |
| 136 | उडीसा की खंडु साडियां और वस्त्र | 12/9/2008 | 23, 24 और 25 | हस्तकला |
| 137 | गडवाल साडियां | 22/9/2008 | 24 | हस्तकला |
| 138 | सांतिपुर साडियां | 22/9/2008 | 24 | हस्तकला |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 139 | हापुस आम | 22/9/2008 | 31 | कृषि |
| 140 | शैम्पेन(कन्व्हेन्शन आवेदन) | 29/9/2008 | 33 | विनिर्मित |
| 141 | वझाक्कुलम पाईनएपल | 15/10/2008 | 31 | कृषि |
| 142 | बिकानेरी भुजिया | 28/10/2008 | 30 | खाद्य पदार्थ |
| 143 | गंतुर सेनम मिर्च | 29/10/2008 | 30 | कृषि |
| 144 | कन्नोर होम फर्निशिंग | 14/11/2008 | 22, 23, 24 और 27 | हस्तकला |
| 145 | बासमति | 26/11/2008 | 30 | कृषि |
| 146 | नापा व्हेली (कन्व्हेन्शन आवेदन) | 26/11/2008 | 33 | विनिर्मित |
| 147 | संगनेरी प्रिंट | 02/12/2008 | 24 और 25 | हस्तकला |
| 148 | उत्तर प्रदेश के मिर्झापुर क्षेत्र के- बदोही के हस्त निर्मित गलिचें | 02/12/2008 | 27 | हस्तकला |
| 149 | कन्नोरी शॉल | 04/12/2008 | 24 | हस्तकला |
| 150 | पैठनी साडी और वस्त्र | 05/1/2009 | 24 और 25 | हस्तकला |
| 151 | स्कॉच व्हिस्की (कन्व्हेन्शन आवेदन) | 05/1/2009 | 32 और 33 | विनिर्मित |
| 152 | बलरामपुरम् साडियां और फाईन कॉटन फेब्रिक्स | 19/1/2009 | 24 और 25 | हस्तकला |
| 153 | पैठन की पैठनी | 09/2/2009 | 24 और 25 | हस्तकला |
| 154 | महाबलेश्वर स्ट्रोबरी | 09/2/2009 | 31 | कृषि |
| 155 और 156 | फिरोजाबाद ग्लास(लोगो) | 09/2/2009 | 9,11 और 21 | हस्तकला |
| 157 और 158 | कन्नोज परफ्यूम(लोगो) | 09/2/2009 | 3 | विनिर्मित |
| 159 और 160 | कानपुर की जीनसाजी वस्तुए(लोगो) | 09/2/2009 | 18 | हस्तकला |
| 161 और 162 | मुरादाबाद की धातु कला वस्तुए(लोगो) | 09/2/2009 | 6 | हस्तकला |
| 163 | सेंन्ट्रल त्रवणकोर गुड | 02/3/2009 | 30 | कृषि |
| 164 | प्रोसिटो डी परमा च्परमा हमछ | 26/3/2009 | 29 | खाद्य वस्तुए |
| 165 | नाशिक के अंगुर | 26/3/2009 | 31 | कृषि |

## परिशिष्ट-II

## अप्रैल 2004 से 31 मार्च 2009 तक भौगोलिक संकेत आवेदनों का पंजीकरण

### अप्रैल 2004 से मार्च 2005

| क्रम संख्या | आवेदन संख्या | वर्ग | फाइल करने की तारीख | भौगोलिक संकेत | स्थिति | पंजीकरण की तारीख | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 और 2 | 30 | 27/10/2003 | दार्जिलिंग चाय(शब्द और लोगो) | पंजीकृत | 29/10/2004 | पश्चिम बंगाल |
| 2 | 4 | 24, 25 और 27 | 15/12/2003 | पोचमपल्ली ईकट | पंजीकृत | 31/12/2004 | आन्ध्र प्रदेश |
| 3 | 7 | 24 | 02/04/2004 | चंदेरी वस्त्र | पंजीकृत | 28/1/2005 | मध्य प्रदेश |

**अप्रैल 2005 से मार्च 2006 तक**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 | 6 | 24/1/2005 | बिद्रीवेअर | पंजीकृत | 30/1/2006 | कर्नाटक |
| 2 | 10 | 24 | 10/6/2004 | कोटपाड हैंडलूम फॅब्रिक | पंजीकृत | 2/6/2005 | उडीसा |
| 3 | 13 | 18 | 11/8/2004 25/11/2004 | मैसूर अगरबत्ती और मैसूर अगरबत्ती(लोगो) | पंजीकृत | 2/6/2005 | कर्नाटक |
| 4 | 15 | 24 और 25 | 07/10/2004 | कांचिपुरम् सिल्क | पंजीकृत | 2/6/2005 | तामिलनाडु |
| 5 | 12 | 24 और 25 | 22/7/2004 | कोटा डोरिया | पंजीकृत | 5/7/2005 | राजस्थान |
| 6 | 16 | 24 | 25/10/2004 | भवानी जमक्कलम् | पंजीकृत | 5/7/2005 | तामिलनाडु |
| 7 | 3 | 20 | 8/12/2003 | अरनमुला कन्नडी | पंजीकृत | 19/9/2005 | केरल |
| 8 | 5 | 24 | 12/2/2004 | सेलम वस्त्र | पंजीकृत | 19/9/2005 | तामिलनाडु |
| 9 | 8 | 24 | 5/4/2004 | सोलापुर चादर | पंजीकृत | 19/9/2005 | महाराष्ट्र |
| 10 | 9 | 24 | 20/5/2004 | सोलापुर टेरी तौलिये | पंजीकृत | 19/9/2005 | महाराष्ट्र |
| 11 | 11 | 24,25,26 | 22/7/2004 | मैसुर सिल्क | पंजीकृत | 28/11/2005 | कर्नाटक |
| 12 | 21 | 24, 25 | 24/1/2005 | मदुराई सुगंधी | पंजीकृत | 12/12/2005 | तामिलनाडु |
| 13 | 25 | 30 | 11/2/2005 | कांग्रा चाय | पंजीकृत | 12/12/2005 | हिमाचल प्रदेश |
| 14 | 19 | 24 | 10/12/2004 | कुल्लू शॉल | पंजीकृत | 12/12/2005 | हिमाचल प्रदेश |
| 15 | 23 | 28 | 7/2/2005 | चन्नापटना खिलौने और गुडीया | पंजीकृत | 30/01/2006 | कर्नाटक |
| 16 | 24 | 19,20, 27,28 | 7/2/2005 | मैसुर रोजवुड इनले | पंजीकृत | 30/01/2006 | कर्नाटक |
| 17 | 26 | 7 | 14/3/205 | कोयंबतुर वेट ग्रॅडर | पंजीकृत | 30/01/2006 | तामिलनाडु |
| 18 | 29 | 3 | 18/3/2005 | मैसुर चंदन तेल | पंजीकृत | 30/01/2006 | कर्नाटक |
| 19 | 30 | 3 | 18/3/2005 | मैसुर चंदन साबुन | पंजीकृत | 30/01/2006 | कर्नाटक |
| 20 | 31 | 26 | 31/3/2005 | कस्तुरी कशिदाकारी | पंजीकृत | 30/01/2006 | कर्नाटक |
| 21 | 32 | 16 | 31/3/2005 | मैसुर के पारंपरिक पेंटिंग | पंजीकृत | 30/01/2006 | कर्नाटक |
| 22 | 33 | 31 | 31/3/2005 | कोडागिना किट्टल(कुर्ग ऑरेंज) | पंजीकृत | 30/01/2006 | |
| 23 | 34 | 31 | 31/3/2005 | मैसुर बिटल वाइन | पंजीकृत | 30/01/2006 | कर्नाटक |
| 24 | 35 | 31 | 31/3/2005 | नंजनागुड केला | पंजीकृत | 30/01/2006 | कर्नाटक |

**अप्रैल 2006 से मार्च 2007 तक**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22 | 23,24,25 | 1/2/2005 | उडीसा ईकट | पंजीकृत | 7/6/2006 | उडीसा |
| 2 | 28 | 24,25,27 | 16/3/2005 | श्रीकलासृष्टी कलमकरी | पंजीकृत | 5/2/2007 | आंध्र प्रदेश |
| 3 | 44 | 16,20 | 10/11/2005 | कोंडापल्ली बोम्मलु | पंजीकृत | 2/6/2005 | आंध्र प्रदेश |

**अप्रैल 2007 से मार्च 2008 तक**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37 | 16 | 22/8/2005 | मधुबनी पेंटिंग | पंजीकृत | 16/5/2007 | बिहार |
| 2 | 47 | 16 | 04/01/2006 | थंजावर पेंटिंग | पंजीकृत | 16/5/2007 | तामिलनाडु |
| 3 | 53 | 6,8,14,18,2 026,28 | 28/4/2006 | सिल्वर फिलिग्री ऑफ करिमनगर | पंजीकृत | 16/5/2007 | आंध्र प्रदेश |
| 4 | 54 | 27 | 03/7/2006 | एल्लिपी कोयर | पंजीकृत | 16/5/2007 | केरल |
| 5 | 69 | 31 | 24/7/2006 | मैसूर मेल्लिग | पंजीकृत | 16/5/2007 | कर्नाटक |
| 6 | 70 | 31 | 24/7/2006 | उडपी मेल्लिग | पंजीकृत | 16/5/2007 | कर्नाटक |
| 7 | 71 | 31 | 24/7/2006 | हदगली मेल्लिग | पंजीकृत | 16/5/2007 | कर्नाटक |
| 8 | 55 | 26 | 20/7/2006 | मुगा सिल्क | पंजीकृत | 13/7/2007 | असम |
| 9 | 65 | 14 | 26/07/2006 | नागरकॉयल के मंदिर आभूषण | पंजीकृत | 13/7/2007 | तामिलनाडु |
| 10 | 17 | 30 | 25/11/2004 | नवर चावल | पंजीकृत | 24/9/2007 | केरल |
| 11 | 36 | 30 | 18/4/2005 | पल्लकडन मट्टा चावल | पंजीकृत | 24/9/2007 | केरल |
| 12 | 63 | 14 | 26/7/2006 | थंजावर आर्ट प्लेट | पंजीकृत | 24/9/2007 | तामिलनाडु |
| 13 | 76 | 24 | 16/10/2006 | ईक्कल साडीयां | पंजीकृत | 24/9/2007 | कर्नाटक |
| 14 | 73 | 24 | 21/9/2006 | एप्लिक(खटवा) वर्क ऑफ बिहार | पंजीकृत | 06/11/2007 | बिहार |
| 15 | 74 | 26 | 21/9/2006 | सुजीनी कशिदाकारी वर्क ऑफ बिहार | पंजीकृत | 06/11/2007 | बिहार |
| 16 | 75 | 20 | 21/9/2006 | बिहार का सिक्की ग्रास वर्क | पंजीकृत | 06/11/2007 | बिहार |
| 17 | 49 | 30 | 13/2/2006 | मलाबार कालीमिर्च | पंजीकृत | 21/2/2008 | केरल |
| 18 | 50 | 31 | 13/2/2006 | अलाहबाद का सुरखा गावा | पंजीकृत | 21/1/2008 | उत्तर प्रदेश |
| 19 | 52 | 19,20,24,25 | 7/4/2006 | नक्शी कंथा | पंजीकृत | 21/1/2008 | नई दिल्ली |
| 20 | 60 | 16 | 26/7/2006 | मैसुर के गंजिफा कार्ड | पंजीकृत | 28/3/2008 | कर्नाटक |
| 21 | 61 | 27 | 26/7/2006 | नवलगुंड दुरिज | पंजीकृत | 28/3/2008 | कर्नाटक |
| 22 | 62 | 6 | 26/7/2006 | कर्नाटक के पीतल के बर्तन | पंजीकृत | 28/3/2008 | कर्नाटक |
| 23 | 72 | 30 | 14/9/2006 | एलिप्पी ग्रीन कार्डिमम | पंजीकृत | 28/3/2008 | केरल |
| 24 | 77 | 24 | 16/10/2006 | मोलाकलमुरु साडीयां | पंजीकृत | 28/3/2008 | कर्नाटक |
| 25 | 78 | 30 | 27/12/2006 | कुर्ग के ग्रीन कार्डिमम | पंजीकृत | 28/3/2008 | कर्नाटक |
| 26 | 85 | 30 | 5/4/2007 | मानसून मलाबार अरेबिका कॉफी | पंजीकृत | 28/3/2008 | केरल |
| 27 | 92 | 24 और 25 | 25/4/2007 | अरानी सिल्क | पंजीकृत | 28/3/2008 | तामिलनाडु |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | 93 | 24 और 25 | 25/4/2007 | कोवाई कोरा सुती साडीयां | पंजीकृत | 28/3/2008 | तामिलनाडु |
| 29 | 94 | 24 और 25 | 16/5/2007 | सेलम सिल्क | पंजीकृत | 28/3/2008 | तामिलनाडु |
| 30 | 95 | 18 | 18/5/2007 | ई.आई. लेदर | पंजीकृत | 28/3/2008 | तामिलनाडु |
| 31 | 114 | 30 | 12/10/2007 | मानसून मलाबार रोबुस्टा कॉफी | पंजीकृत | 28/3/2008 | केरल |

**अप्रैल 2008 से मार्च 2009 तक**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 57 | 20 | 26/07/2006 | ब्रास ब्रायडर्ड कोकोनट शेल ऑफ केरल | पंजीकृत | 10/07/2008 | केरल |
| 2 | 58 | 27 | 26/07/2006 | स्क्रू पाईन क्राफ्टस् ऑफ केरल | पंजीकृत | 22/04/2008 | केरल |
| 3 | 59 | 15 | 26/07/2006 | मडालम ऑफ पल्लाकड (केरल) | पंजीकृत | 22/04/2008 | केरल |
| 4 | 64 | 06 | 26/07/2006 | स्वामिमलाई ब्रान्ज आयकोन्स | पंजीकृत | 22/04/2008 | तामिलनाडु |
